बड़े देश का
Bada Bank

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2018-19

TOWARDS A BRIGHTER TOMORROW

पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक !

punjab national bank
...the name you can BANK upon !

श्री सुनील मेहता, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पंजाब नैशनल बैंक ने श्री अरुण जेटली, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से उन्नत पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (EASE) सुधार सूचकांक पुरस्कार, ग्राहक जवाबदेही पुरस्कार, उत्तरदायी बैंकिंग पुरस्कार, क्रेडिट ऑफ–टेक पुरस्कार और वित्तीय समावेशन को मजबूती प्रदान करना तथा डिजिटलाइजेशन पुरस्कार श्रेणी में प्रथम रनर अप पुरस्कार प्राप्त किया।

Shri Sunil Mehta, Managing Director & CEO Punjab National Bank receiving awards from Shri Arun Jaitley, Hon'ble Union Minister for Finance, Govt. of India for Enhanced Access and Service Excellence (EASE) Reforms Index Award, Customer Responsiveness Award, Responsible Banking Award , the Credit Off-take Award and the First Runners Up in Deepening Financial inclusion and Digitalization Award category

श्री सुनील मेहता, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पंजाब नैशनल बैंक, बैंक के 125 वें स्थापना दिवस पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए।

Shri Sunil Mehta, Managing Director & CEO, Punjab National Bank presenting the Memento to Hon'ble Vice President of India Shri M.Venkaiah Naidu on 125th Foundation Day of the Bank.



चेयरमैन की डेस्क से
From the Chairman's Desk

प्रिय शेयरधारक,

पीएनबी के अध्यक्ष के रूप में आपको लिखते हुए और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए बैंक के प्रदर्शन और पहलों की वार्षिक रिपोर्ट साझा करते हुए मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है।

प्रारंभ में, हमारे सभी हितधारकों को मेरा विशेष अभिवादन क्योंकि आपके बैंक ने अपनी अत्यंत शानदार यात्रा के 125 वें वर्ष में सराहनीय प्रगति जारी रखी है। जिन्होने 125 वर्षों की इन रोमांचक यात्रा के दौरान, आपका बैंक 1894 के दौरान लाहौर में अपनी उत्पत्ति से देश के सबसे बड़े और सबसे प्रमुख बैंक में से एक में रूपांतरित हुआ। इस घटनापूर्ण अवधि में, बैंक को कई सफलताएँ मिलीं और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें1930 के दशक की बहुत बड़ी मंदी और 1947 की विभाजन की घटना शामिल है।

आपका बैंक कई उथल–पुथल वाली घटनाओं से निरापद बाहर निकल आया और वास्तवः में "सुदृढ़ता" के साथ बैंक का गौरव पुनः अर्जित किया। हम भूतपूर्व और वर्तमान कर्मचारियों को इस बेहतरीन संस्था के निर्माण के प्रति उनके उल्लेखनीय दृष्टिकोण, संपूर्ण प्रतिबद्धता और अटूट उत्साह के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। वे "असल नायक" थे जिन्होंने अमिट पदचिह्न छोड़े। हम बैंक के महान नेतृत्व को सलाम करते हैं जिन्होंने हमारी नींव को सुदृढ़ बनाया है और वर्तमान संरक्षकों की सराहना करते हैं जिन्होंने अपने योग्य पूर्ववर्तियों द्वारा छोड़ी गई जिम्मेदारी को जारी रखा।

हमें अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व है जो हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि पंजाब नैशनल बैंक "मूल्यवान ग्राहक संबंधों" के आधार पर बना है। बैंक ने इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अपने "मूल मूल्यों" और "उत्कृष्टता का अनुसरण करने" की भावना को कायम रखा है। अपनी आत्मा में राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ, अपने रीढ़ के रूप में अखंडता, अपने उद्देश्य के रूप में ग्राहक संतुष्टि प्रसन्नता और अपने वादे के अनुरूप निरंतर नवोन्मेष के साथ आपके बैंक ने एक अनूठा ब्रांड बनाया है जिसे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है और अपने ग्राहकों के बीच लगातार विश्वास बनाए रखता है। 125 वर्षों की इस यात्रा ने आपके बैंक को एक बड़ी और सुदृढ़ संस्था में विकसित करने में सक्षम बनाया है जिसकी 6980 से अधिक शाखाएँ हैं, जो 110 मिलियन ग्राहकों की सेवा कर रही हैं।

आर्थिक समीक्षा
वैश्विक अर्थव्यवस्था

लगभग सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधियों में गिरावट के कारण कैलेंडर वर्ष 2018 की दूसरी छमाही के दौरान वैश्विक वृद्धि की गति धीमी हो गयी। कई कारकों के मेल ने, जैसे यूएस–चीन व्यापार तनाव, यूरोज़ोन में कमज़ोर कारोबार विश्वास, चीन में छाया बैंकिंग में गिरावट, मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण के कारण उधार लागत में वृद्धि, ने वैश्विक वृद्धि को घटाने में योगदान दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव के बावजूद प्रमुख विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति मंद रही जिसे प्रमुख उत्पादकों द्वारा उत्पादन में कटौती और कुछ निर्यातकों के बीच आपूर्ति में व्यवधान बढ़ा है।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक वृद्धि में जो गिरावट आई थी वर्ष 2019 में उसमें और 3.2% तक गिरावट का अनुमान है। चीन–अमेरिका व्यापार युद्ध से वैश्विक वृद्धि में और गिरावट आने का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र ने भी उच्च व्यापार तनाव, आर्थिक नीतियों पर अनिश्चितता और कारोबारी विश्वास में कमी के परिणामस्वरूप वर्ष 2020 में 2.9% के सीमांत अनुमानित वृद्धि के साथ वर्ष 2019 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए अपने अनुमानों को कम करके 2.7% का अनुमान लगाया है।

सभी प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं और अधिकांश विकासशील क्षेत्रों में ग्रोथ आउटलुक घरेलू और बाहरी दोनों कारकों के कारण कमजोर हो गया है, जिसमें अधिक व्यापक और भली भांति लक्षित नीति प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है

भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2018–19 की चौथी तिमाही के लिए जारी जीडीपी डेटा संख्या में, वृद्धि दर चौथी तिमाही में 5.8% कम हो गई है जो 5 वर्षों में सबसे कम है, पूरे वर्ष के लिए अनुमानित वृद्धि दर

Dear Shareholders,

It is my pleasure to write to you as the Chairman of PNB and share the Annual Report of the Bank's performance and initiatives for the financial year 2018-19.

At the outset, my special greetings to all our stakeholders as your Bank continues to make admirable progress in its 125th year of a very momentous journey. During this125 years exciting voyage, your Bank has transformed into one of the largest and most prominent bank's of the country from its humble origin in Lahore during 1894. In this eventful period, the Bank had many successes and faced multiple challenges which covered the great depression of 1930's and partition upheaval in 1947, amongst others.

Your Bank came out unscathed from many tumultuous events and truly earned the distinction of a bank with "resilience". We owe our gratitude, in large measure to past and present employees for their remarkable vision, unstinted commitment and unwavering enthusiasm towards building this very fine institution. They were"real heroes" who left indelible footprints. We salute the legendary leadership of the Bank that built our robust foundations and applaud present custodians who continue to responsibly augment the edifice left by their worthy predecessors.

We take pride in our rich heritage which reflects our belief that Punjab National Bank is built on the strength of "valuable customer relationships". The Bank has upheld its "Core Values" and its spirit of "Pursuing Excellence" throughout this historic journey. With devotion to the nation in its soul, integrity as its backbone, customer delight as its purpose and continued innovation as its promise, your Bank has built a unique brand that is widely recognized and consistently espouses trust amongst its customers. This journey of 125 years has enabled your Bank to evolve into a large and robust institution with over 6980 branches diligently serving110 million valued customers.

ECONOMIC REVIEW
The Global economy

Global growth slowed down during second half of Calendar Year 2018 due to decelerated economic activity in almost all developed economies. The confluence of factors, such as US-China trade tension, weakening business confidence in Eurozone, reining in shadow banking in China, rising borrowing cost due to the normalization of monetary policy, amongst others have contributed to softening global growth. Inflation continues to remain subdued in major developed and emerging economies, despite volatility in crude oil prices which rose on production cuts by major producers and supply disruptions among some exporters.

Global growth which softened in 2018 is projected to decline further to 3.2% in 2019 as per the Organization for Economic Co-operation and Development (OECD). The China-US trade war threatens to further crimp global growth. United Nations has also lowered its forecasts for global economic growth in 2019 to 2.7% with marginal projected increase in 2020 to 2.9% as a consequence of high trade tensions, uncertainty over economic policies and softening business confidence.

Growth outlook in all major developed economies and most developing regions has weakened due to both domestic and external factors necessitating more comprehensive and well-targeted policy response.

The Indian Economy

In the GDP data number released for fourth quarter of FY 2018-19, the growth has slowed down to a five year low of 5.8% in 4th quarter bringing down full year

7.2% से कम होकर 6.8% तक हो गई है। इसने दुनिया में सबसे तेजी से बढती महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों और प्रमुख सुधारों पर प्रयासों को पूरा करने की आवश्यकता जताई है। धीमी वृद्धि का कारण कमजोर घरेलू खपत, धीमी वैश्विक वृद्धि और अर्थव्यवस्था को चलाने वाले उच्च सरकारी व्यय सहित व्यापार तनाव हैं। सरकारी वित्त पर, वर्ष 2018–19 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी के 3.4 प्रतिशत के संशोधित बजट लक्ष्य के भीतर रहा है। राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखने और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार पर कड़ा दबाव होगा। वैश्विक निवेशकों के बीच राजकोषीय अनुशासन पर मजबूत विश्वास बनाए रखने के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों के लिए ऋण प्रवाह में सुधार की गुंजाइश है जो व्यापक वृद्धि को पुनर्जीवित करेगा। सम्पूर्ण क्षेत्रों में मजबूत और स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अच्छी गुणवत्ता ऋण वृद्धि का समर्थन करने के लिए घरेलू बैंकिंग क्षेत्र पर अवलंबित है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में वैश्विक वृद्धि के आधुनिकीकरण और पूंजीगत वस्तुओं में निवेश पर वाणिज्यिक सेक्टर की ओर होनेवाले अधिक वित्तीय प्रवाह और बढ़ते गैर सरकारी खपत, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, के द्वारा प्रतिघात किए जाने की उम्मीद है जिससे आर्थिक गति में तेजी आ रही है। 6 जून 2019 की अपनी मौद्रिक नीति विवरण में आरबीआई ने समान रूप से संतुलित जोखिमों के साथ सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.0% होने का अनुमान लगाया है। आगे बढते हुए, भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, वृद्धि की गति को पुनर्जीवित करने के लिए राजकोषीय विवेक और मौद्रिक प्रोत्साहन का न्यायसंगत मिश्रण होगा।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि नीतिगत सुधारों की गति बढ़ाना, लंबित बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों को हल करना, संरचनात्मक कठोरता को दूर करना और निजी निवेश को आगे बढ़ाने के माध्यम से आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को दूर करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपनी वास्तविक क्षमता को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। स्पष्ट बहुमत और मजबूत जनादेश वाली नई सरकार के साथ, सुधारों में सार्थक गति आने की बहुत उम्मीदें हैं जो एक मजबूत बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र विकसित करेगा जो आर्थिक वृद्धि को आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा

भारत में बैंकिंग क्षेत्र

हालांकि, वित्तीय वर्ष 2018–19 बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष बना रहा, लेकिन इसने नए आशावादी भावना को जागृत किया। इस वर्ष ने लैंडमार्क रेगुलेटरी रिफॉर्म्स जैसे इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) के कार्यान्वयन, सशक्त समिति की सिफारिशों के कारण कॉर्पोरेट दबावग्रस्त आस्तियों के तीव्र समाधान की दिशा में एक दृढ शुरुआत की और बैंक के नेतृत्व में दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान हेतु बड़े बैंक इंटर क्रेडिटर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। हालांकि आस्ति गुणवत्ता पर चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन सरकार द्वारा पूंजी समर्थन सहित सकारात्मक विकास सकारात्मकता लेकर आया है और मेरा दृढ़ विश्वास है कि पीएसबी का खराब दौर समाप्त होने वाला है। मजबूत नियामक कार्रवाई, मुद्दों की पहचान और इसके परिणामस्वरूप बैंकों द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों ने आपके बैंक सहित अन्य बैंकों और अधिक स्लिपेज को स्थिर कर दिया है। वर्तमान में प्रगति के रूप में कॉरपोरेट क्षेत्र का विचलन और पुनर्गठन, आगे स्थिरता प्रदान करेगा। विरासत के मुद्दों और शेष दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान से तेजी से निपटना और सबसे अधिक महत्वपूर्ण संचय को रोकना बैंकिंग क्षेत्र के लिए अनिवार्य है।

आगे बढ़ते हुए, निवेश और अर्थव्यवस्था की कुल मांग में सहयोग करने के लिए बैंकों की क्षमता में और सुधार करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पुनः पूंजीकरण, आईबीसी के तहत दबाव ग्रस्त आस्तियों का समाधान और परिणामस्वरूप वित्त में सुधार अपेक्षित है। बैंकिंग क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को अपनाने से मध्यवर्ती लागतों में गिरावट की संभावना है और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से मार्जिन प्रभावित होगी। ग्राहक जीवन चक्र की जरूरतों को समझते हुए परिचालन लागत के पुनर्गठन, व्यापक पहुँच और महत्तर ब्रांड स्थिति से व्यवसाय वृद्धि और लाभप्रदता तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए, प्रतिस्पर्धी बने रहने और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए, उत्पाद विकास और निरंतर नवोन्मेष के माध्यम से परिवर्तन और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखना महत्वपूर्ण होगा। भविष्य परिवर्तन के सफल प्रबंधन, अधिक परिचालन क्षमता के निर्माण और नवीनतम प्रौद्योगिकी और भविष्य की मांग के साथ अद्यतन रहने पर निर्भर करता है।

आज, हम तीव्र परिवर्तन की अवधि देख रहे हैं, आर्थिक चक्र छोटे हैं और बाजार अधिक जोखिम वाले हैं जो कि अधिक कठोर शासन मानकों के लिए जोखिम की बढती तीव्रता के साथ हैं। वित्तीय बाजारों पर विकसित हो रही प्रौद्योगिकी, डेटा विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव बहुत अधिक होगा। ये घटनाक्रम आपके बैंक के लिए अपने तेजी से बढ़ते ग्रामीण और शहरी ग्राहकों की सेवा करने के लिए नए और रोमांचक अवसर पेश करते हैं और "नए भारत" को प्रदान करते हैं

भारत में बैंकों ने भी परिवर्तन प्रक्रिया का बीड़ा उठाया है। इन परिवर्तनों को अपनाने में कुछ बैंक दूसरों से आगे हैं। उत्पादों के जोखिम–आधारित मूल्य निर्धारण और कैपिटल पर इष्टतम जोखिम समायोजित रिटर्न (आरएआरओसी) ऋण वृद्धि के लिए प्रमुख निर्धारक के रूप में तेजी से अग्रसर हो रहे हैं। बेहतर कॉर्पोरेट प्रशासन, अनुपालन और अधिक कठोर ऋण/जोखिम प्रक्रियाएं स्वस्थ वृद्धि और बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता के लिए आवश्यक हैं।

यह बैंकिंग उद्योग में परिवर्तन का सबसे अच्छा समय है क्योंकि आर्थिक बुनियादी तत्व मजबूत हैं, विनियामक जलवायु अनुकूल है और परिवर्तन प्रौद्योगिकियां पहले से कहीं अधिक आसानी से सुलभ, शक्तिशाली और किफायती हैं। जो बैंक समकालीन शासन संरचनाओं को अपनाते हैं, नियामक अनुवर्ती होते हैं, लगातार रि–इंजीनियर रिस्क प्रॉसेस करते हैं, रिस्क एडजस्टेड रिटर्न के माध्यम से पूंजी का संरक्षण करते हैं, कर्मचारियों को पुनः कौशल प्रदान करते हैं, तकनीकी नवोन्मेष अपनाते हैं, लगातार नए उत्पाद विकसित करते हैं और दक्ष होते हैं, वे ही कुछ अलग करने की स्थिति में होंगे, तेजी से बढ़ेंगे और बाजार में हिस्सेदारी हासिल करेंगे।

growth to 6.8% from earlier projected 7.2%.This has necessitated striding up efforts on policy changes and major reforms to maintain India's position of the fastest growing significant economy in the world. The reasons for slower growth are weaker domestic consumption, slower global growth and trade tensions with higher government spending driving the economy. On government finances, fiscal deficit for 2018-19 has remained within the revised budget target of 3.4% of the GDP. The Government will be hard pressed to preserve fiscal discipline and spur growth. Government's continued commitment to maintain course on fiscal discipline instills strong confidence amongst global investors. There is scope for improvement of credit flows to micro, small and medium industries which will revive broad based growth. It is incumbent on the domestic banking sector to support good quality credit growth across sectors to ensure strong and sustainable growth.

In FY 2019-20, the moderation of global growth and the weakening of investment in capital goods is expected to be countered by higher financial flow to commercial sector and rising private consumption, especially in the rural sector thereby accelerating economic momentum. RBI in its monetary policy statement of 6th June 2019 has projected a GDP growth of 7.0% with risks evenly balanced. Going forward, in context of the Indian Economy, there will be a judicious mix of fiscal prudence and monetary stimulus to resurrect the growth momentum.

I strongly believe that increasing the pace of policy reforms, address pending banking and financial sector issues, removing structural rigidities and easing of supply-side bottlenecks through stepping up private investment would pave the way for the Indian economy to achieve its true potential. With the new government in place with a clear majority and strong mandate, there are high expectations of a significant momentum in reforms that will develop a strong banking and financial sector providing necessary boost to economic growth.

Banking Sector in India

Although, FY 2018-19 continued to remain a challenging year for the banking sector, it provided renewed optimism. The year marked a steady beginning towards faster resolution of corporate stressed asset on account of landmark regulatory reforms like implementation of Insolvency and Bankruptcy code (IBC), Sashakt Committee recommendations and major banks signing the Inter Creditor Agreement for bank led resolution of stressed assts. Although the challenges on asset quality front remain but the positive developments including capital support by Government has generated an air of positivity and a strong belief that the worst is over for PSBs. Strong regulatory action, recognition of the issues and consequent corrective measures taken by banks have stabilized further slippages, including at your Bank. Deleveraging and restructuring of the corporate sector, as currently in progress, will provide further stability. It is imperative for the banking sector to expeditiously deal with the legacy issues and resolution of remaining stressed assets and more importantly prevent further accumulation.

Going ahead, re-capitalisation of Public Sector Banks, resolution of stressed assets under the IBC and consequent improvement in financials are expected to further improve capacity of the banks to support investment and aggregate demand of the economy. Greater adoption of technology in the banking sector is likely to see fall in intermediation costs and increased competition will impinge on margins. Business growth and profitability are increasingly going to be driven by restructuring of operating costs, wider outreach and greater brand positioning by going deeper into customer life cycle needs. Therefore, to remain competitive and stimulate business growth, it would be important to continue focus on change and progress through product development and continuous innovation. The future depends on successful management of transitions, building greater operational efficiencies and remaining updated with the latest trends in technology and future demand.

Today, we are witnessing a period of intense change, economic cycles are shorter and markets more volatile with growing intensity of risks leading to more rigorous governance standards. Impact of evolving technology, data analytics and artificial intelligence on financial markets will be enormous. These developments present new and exciting opportunities for your Bank to serve its fast growing rural and urban customers and deliver to a "new India".

Banks in India have also taken the lead in the transformation process. Some banks are ahead of others in embracing these changes. Risk-based pricing of products and optimum Risk Adjusted Return on Capital (RAROC) are fast gaining ground as key determinants for quality credit growth. Improved corporate governance, compliance and more stringent credit / risk processes are imperatives for healthy growth and stability of the banking sector.

It is the best time for transformation in the Banking industry as the economic fundamentals are strong, regulatory climate is favorable and transformation technologies are more readily accessible, powerful, and economical than ever before. The banks which adopt contemporary governance structures, become regulatory compliant, continually re-engineer risk processes, preserve capital through risk adjusted returns, reskill employees, adopt technological innovation, consistently develop new products and become nimble- footed will be in a position to differentiate, grow exponentially and gain market share.

बैंक का विकास और प्रगति

वित्तीय वर्ष 2018–19 के आरंभ में बैंक को एकबारगी वित्तीय झटका, उच्च एनपीए और कमजोर पूंजी की स्थिति सहित विविध चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, अपनी सुदृढ़ता की भावना में, आपके बैंक कर्मचारी इस स्थिति से उभरे और कारोबार एवं वृद्धि के लिए कम से कम व्यवधान के साथ, सकारात्मक प्रतिक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उपायों की एक श्रृंखला आरम्भ की। मैं इस कठिन और चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान उनकी प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों की सराहना करता हूं।

बैंक की सीबीएस के साथ स्विफ्ट प्रणाली के एकीकरण के साथ प्रणालियों और नियंत्रण को मजबूत करना, ऑफ साइट ऑडिट प्रणाली और बैंक की रोटेशनल पालिसी का पूर्ण अनुपालन सहित निगरानी तंत्र को मजबूत करना आरंभ किया गया था।

देश भर में फैले लगभग 2700 अधिकारियों का एक समर्पित विशेषीकृत और प्रेरित टीम के माध्यम से वसूली के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन वर्टिकल अर्थात् निगरानी, समाधान और वसूली के साथ स्ट्रेस्ड एसेट मॉनिटरिंग वर्टिकल स्थापित किया गया था।

"मिशन परिवर्तन" तीन पी अर्थात लोगों, प्रक्रियाओं और उत्पादों (पीपीपी) के माध्यम से बैंक में संरचनात्मक परिवर्तनों को लागू करने के उद्देश्य से चल रही प्रक्रिया है, जो बैंक को "फ्यूचर रेडी बैंक" में बदलने के लिए दिशात्मक इनपुट प्रदान कर रहा है। ऋण प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए, केंद्रीकृत ऋण प्रसंस्करण केंद्रों (सीएलपीसी) को खोला गया है ताकि पूर्व और बाद की मंजूरी के अलगाव, गुणात्मक क्रेडिट मूल्यांकन और कुशल निगरानी के समय में बदलाव कर और बेहतर बनाया जा सके। इसी तरह, विपणन संरचना को उत्पाद केंद्र से ग्राहक केंद्रित विपणन में स्थानांतरित किया गया है। ट्रेड फाइनेंस ऑपरेशंस का एंड टू एंड डिजिटलाइजेशन भी केंद्रीकृत जोखिम नियंत्रण के साथ किया गया है।

पूंजी की कमी के अंतर्गत व्यवसाय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, पोर्टफोलियो की परिचर्चा का आरम्भ बेहतर रेटेड उधारकर्ताओं और कम जोखिम वाले प्रोफाइल की ओर किया गया था। रणनीतिक दृष्टिकोण ने पूंजी संरक्षण के द्वारा एक मजबूत बैलेंस शीट प्रदान की। जिसके परिणामस्वरूप रिस्क वेटेड एसेट्स (RWAs) में उल्लेखनीय कमी आई।

बैंक ने ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक तरीके से सेवा देने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों को बढ़ाकर ग्राहक–केन्द्रित दृष्टिकोण को अपनाना जारी रखा और बैंक के डिजिटल पदचिह्नों का काफी विस्तार किया। बैंक ने व्यावसायिक विकास और स्थिरता के लिए डेटा का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने एंटरप्राइज–वाइड डेटा वेयरहाउस के आधार पर एक इन–हाउस बिग डेटा एनालिटिक्स केंद्र स्थापित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की। बैंक डिजिटल बैंकिंग के लिए एक ऐप अर्थात **पीएनबीवन** लाया जो उन्नत सुविधाओं के साथ यूनिफाइड मोबाइल एप्लिकेशन है।

कई मोर्चों पर बैंक के प्रदर्शन और सुधार ने पीएनबी को प्रतिष्ठा और ईज़ उत्कृष्टता पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में पूर्व माननीय वित्त मंत्री, श्री अरुण जेटली से प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित मान्यता 28 फरवरी 2019 को प्राप्त हुई और 12 अप्रैल 2019 को हमने इसे उपलब्धि वर्ष के रूप में 125 वां स्थापना दिवस मनाया।

बैंक का प्रदर्शन

बैंक के वित्तीय वर्ष 2018–19 की शुरुआत उदासीनता के साथ हुई। गंभीर और विशाल सबसे बड़ी वित्तीय घटना के संदर्भ में, बैंक को संकट से उभरने और परिवर्तन लाने के लिए एक बड़ा कार्य करना था। बैंक के प्रदर्शन की शक्ति तभी सम्भव थी जब रणनीतिक युक्तिकरण द्वारा उत्पाद पोर्टफोलियो मिश्रण से पूंजी संरक्षण, आस्ति गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किए जाने, जोखिम भारित आस्तियों के युक्तिकरण के साथ ऋण वृद्धि और परिचालन क्षमता में वृद्धि की जाए।

मुझे यह साझा करने में खुशी हो रही है कि चुनौतियों के बावजूद, बैंक ने कई उपलब्धियां प्राप्त की है और प्रमुख मापदंडों में सुधार दर्ज किया है। सकल घरेलू कारोबार 31 मार्च 2019 को रु. 11.45 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया और कासा जमाराशियां रु. 2.85 करोड के स्तर पर पहुंच गयी। घरेलू कासा का शेयर कुल देनदारियों का 43.51% था। वित्तीय वर्ष मार्च 2019 के अंत तक सेविंग डिपॉजिट में 3.2 मिलियन से अधिक नए खाते जोड़े गए जो कि आपके बैंक में जारी ग्राहक विश्वास का सुदृढीकरण है।

वित्तीय वर्ष 19 में, बैंक वित्तीय वर्ष 18 के दौरान रु. 12283 करोड़ के नुकसान के मुकाबले अपने शुद्ध नुकसान को वित्तीय वर्ष 19 में रु. 9975 करोड़ तक सीमित करने में सक्षम था। वित्तीय वर्ष 19 में कुल प्रावधान रु. 22971 करोड़ थे, जिसमें रु. 7167 करोड़ का एक घटना के लिए प्रावधान भी शामिल था।

शुद्ध एनपीए के उच्च स्तर में जो एक प्रमुख चिंता का विषय था, तिमाही से तिमाही में क्रमिक कमी देखी गई और मार्च 18 में रु. 48684 करोड़ से घटाकर मार्च 19 में रु. 30038 करोड़ रुपये रही। मार्च 18 के दौरान रु. 9666 करोड़ की वसूली की तुलना में मार्च 19 तक रु. 20,000 करोड़ से अधिक की सकल वसूली के साथ वसूली की गति जारी है। मार्च 19 में जीएनपीए और एनएनपीए में मार्च–18 की तुलना में 18.38% और 11.24% के स्तर से घटकर 15.50% और 6.56% हो गए हैं। मार्च 18 में प्रावधान कवरेज अनुपात 58.42% की तुलना में मार्च 19 में बढ़कर 74.50% हो गया।

पूंजी पर्याप्तता के मोर्चे पर, बैंक की स्थिति वित्तीय वर्ष 18 में 9.20% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 19 में 9.73% हो गई, जिसमें टीयर I का अनुपात 7.49% और टीयर II का अनुपात 2.24% था। मुझे यह रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है कि बैंक के कर्मचारियों से 90% अंशदान से पूंजी प्राप्त करने के लिए बैंक की कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ESPS) लागू की गई थी।

वर्ष के दौरान बैंक ने रु. 300 करोड़ से अधिक की गैर–मूल आस्तियों का मुद्रीकरण किया है और अन्य गैर–आस्तियों की पहचान भी की है, जो एक उचित समय पर बेची जाएंगी।

Developments and Progress of the Bank

The beginning of FY 2018-19 saw Bank addressing multifarious challenges including the onetime financial setback, high NPA and weak capital position. However, in to its spirit of resilience, your Bank employees rose to the occasion and undertook a series of strategic measures to ensure early rebound, with least disruption to business and growth. I commend their commitment and tireless efforts during this very difficult and challenging period.

Strengthening of systems and control were undertaken with measures like integration of the SWIFT system with the Bank's CBS, strengthening of monitoring mechanism including off site audit system and strict compliance of bank's rotational policy.

Stressed Asset Monitoring Vertical, with three verticals namely Monitoring, Resolution and Recovery was set up for focused recovery efforts through a dedicated specialized and motivated team of around 2700 officials spread across the country.

"Mission Parivartan" the ongoing process aimed at implementing structural changes in the Bank through the three Ps i.e People, Processes and Products (PPP) is providing the directional inputs to transform the Bank into a "Future Ready Bank'. In order to strengthen the credit processes, Centralized Loan Processing Centers (CLPC) have been opened to ensure Improved Turn Around Time, Segregation of Pre & Post Sanction Responsibilities, Qualitative Credit Assessment and Efficient Monitoring. Similarly, Marketing Structure has been revamped moving from Product Centric to Customer Centric Marketing. End to End Digitalization of Trade Finance Operations has also been undertaken with centralized risk controls.

In order to ensure business growth under capital constraints, churning of the portfolio was undertaken towards better rated borrowers and low risk profile. The strategic approach ensured a strengthened balance sheet with capital conservation. It resulted in significant reduction in Risk Weighted Assets (RWAs).

The Bank also continued to adopt the Customer-Centric approach by way of enhancing the digital platforms to serve the customers more conveniently and the bank's digital footprint expanded significantly. The Bank initiated process for setting up an in-house Big Data Analytics Centre based on its Enterprise-wide Data Warehouse to focus on using data for business development and sustainability. The Bank came out with all in one app for Digital Banking, i.e. PNBONE which is a Unified Mobile application with advanced features.

The Bank's performance and improvement on several fronts has earned PNB the prestigious EASE Excellency Award from Shri Arun Jaitley, Former Hon'ble Finance Minister as the Best Public Sector Bank. This well-deserved recognition was received on 28th February 2019, the milestone year as we celebrated our 125th foundation day on 12th April 2019.

Bank's Performance

The Bank's Financial Year 2018-19 started off on a tepid note. With the biggest financial incident in terms of severity and enormity, the Bank had a huge task before it to overcome the crisis and turnaround. The strength of performance was possible due to Bank's strategic rationalization of the product portfolio mix to conserve capital, focus on improving the asset quality, credit growth with rationalization of risk weighted assets and increased operational efficiency.

I am happy to share that in spite of the challenges, the Bank crossed various milestones and registered improvement in key parameters. Gross Domestic Business reached the level of Rs. 11.45 lakh crore as at 31st March 2019 and CASA Deposits reached the level of Rs. 2.85 crore. Domestic CASA share stood at 43.51% of total deposits. More than 3.2 million new accounts were added in Saving Deposits during the financial year ending March 2019 which is a reinforcement of continued customer confidence in your Bank.

In FY'19, the Bank was able to narrow down its Net Loss to Rs. 9975 crore against the Loss of Rs. 12283 crore during FY'18. Total provisions stood at Rs 22971 crore in FY'19 including a provision of Rs. 7167 crore for the one off incident.

High level of Net NPAs, which had been a major concern, saw a sequential reduction from quarter to quarter and Net NPA reduced from Rs. 48684 crore in Mar'18 to Rs. 30038 crore in Mar'19. The Recovery momentum has continued with a Gross Recovery of more than Rs. 20,000 crore upto Mar' 19 as compared to Recovery of Rs. 9666 crore during Mar'18. GNPA and NNPA have reduced to 15.50% and 6.56% in Mar'19 from a level of 18.38 & 11.24% respectively in Mar'18. Provision Coverage Ratio improved from 58.42% in Mar'18 to 74.50 % as on March'19.

On capital adequacy front, the position of the Bank improved from 9.20% in FY'18 to 9.73% in FY'19 which constituted Tier I ratio of 7.49 % and Tier II ratio of 2.24%. I am delighted to report that the Bank's Employee Share Purchase Scheme (ESPS) which was implemented to shore up the capital achieved 90% subscription by your Bank employees.

The Bank monetized non-core assets of more than Rs. 300 crore during the year and has also identified other non core assets which will be sold at an opportune time.

इसके अलावा, बैंक जोखिम प्रबंधन और अनुपालन प्रक्रियाओं में बदलाव लाने में भी सक्षम रहा है। आपके बैंक ने प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम प्रबंधन नीति में कार्यक्रमों को आरंभ करने से अपने प्रतिष्ठा जोखिम प्रबंधन को पुनर्व्यवस्थित किया और अधिक सुदृढ़ जोखिम पर पकड़ बनाए रखने के लिए अपने प्रतिष्ठित जोखिम मूल्यांकन ढांचे को अपडेट किया।

वित्तीय वर्ष 18 के दौरान बैंक को एक असाधारण स्थिति का सामना करना पड़ा और बैंक अपने कर्मचारियों के सच्चे धैर्य और दृढ संकल्प के साथ बाहर आने में सक्षम रहा। वित्तीय वर्ष 19 के परिणामों में स्पष्ट है कि बैंक ने अपनी खोई हुई वृद्धि की गति को पुनः प्राप्त करने के लिए कई संरचनात्मक परिवर्तन किए।

भावी दिशा

जिस वातावरण में हम काम करते हैं वह मैक्रो–इकोनोमिक अनिश्चितताओं, समग्र परिचालन स्थितियों और नियामक और तकनीकी परिवर्तनों के कारण तेजी से गतिशील हो गया है और कम अनुमानित है। वैश्विक विकास के मंद होने की उम्मीद की जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच लघु और मध्यम अवधि के वैश्विक विकास की संभावनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम है।

घरेलू मोर्चे पर, नीति में सुधार और निष्पादन न केवल जीडीपी वृद्धि की गति निर्धारित करेगा, बल्कि एफडीआई निजी निवेश की रूप–रेखा और पैमाने को भी प्रभावित करेगा।

नए प्रवेशकों, प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता अपेक्षाओं और प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग परिदृश्य में बदलाव आया है और इस प्रवृत्ति के जारी रहने की संभावना है। तेजी से उभरते अवसरों के साथ कारोबार वृद्धि के लिए रणनीतियो के अनुरूप कार्य करना ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करना, शीघ्रता से नए तकनीकी रुझानों का सटीक अनुमान लगाना और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग की क्षमता को बढ़ाने और आउटरीच को संस्थागत बनाने और परिचालन दक्षता को संस्थागत बनाने की सफलता की कुंजी होगी।

चुनौतियों का सामना करने में आपके बैंक की सफलता के बावजूद, बहुत कुछ किया जाना बाकी है और यह कई मोर्चों पर बैंक के व्यापक–आधार प्रदर्शन के लिए महत्त्वपूर्ण है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपनी सही स्थिति प्राप्त करने के लिए आपके बैंक के लिए एक सुदृढ बैलेंस शीट, मजबूत पूंजी आधार और गुणवत्ता राजस्व में वृद्धि महत्वपूर्ण है। बोर्ड और बैंक के नेतृत्वकर्ता बैंक की रणनीति को विकसित करने में लगे हुए हैं, जो सतत विकास के लिए सुदृढ पूंजी निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता ऋण वृद्धि, तर्कसंगत उच्च जोखिम एक्सपोज़र और बैंक की बैलेंस शीट को सही आकार देना सुनिश्चित करते हैं। आपका बैंक अपनी वित्तीय समावेशन संचालन में कारोबारी अवसरों के दोहन के लिए अपनी विशाल भौगोलिक उपस्थिति को एक लाभ के रूप में देखता है। आपका बैंक अत्याधुनिक डिजिटल जानकारों को रोजगार देना जारी रखेगा, ग्राहक क्षेत्रों में ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आईटी क्षमताओं को बढ़ाएगा, अपने बाजार नेतृत्व को बनाए रखेगा और आंतरिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं को काफी मजबूत करेगा।

जन विकास और कौशल वृद्धि बैंक के लिए एक फोकस क्षेत्र बना रहेगा। हमारे समर्पित कर्मचारियों को सशक्त बनाना हमारी कारोबारी रणनीति का एक महत्वपूर्ण संबल होगा और बेहतर परिणाम देने में मौलिक होगा। बैंक अपनी अनुपालन संस्कृति और जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को और मजबूत करेगा। साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने और सभी कर्मचारियों में जागरूकता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। आपका बैंक सर्वश्रेष्ठ–इन–क्लास प्रौद्योगिकी को अपनाना सुनिश्चित करेगा, तेजी से डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित करेगा और नवीन पहल को अंगीकार करेगा। बदलते समय के साथ आपके बैंक में बदलाव होना अनिवार्य है!

तेज गति के बदलावों और बहुत गंभीर चुनौतियों के बीच में, इस बात का आभार व्यक्त किया जाता है कि पिछले वित्तीय वर्ष में आपके बैंक का प्रदर्शन सही दिशा में आगे बढ़ा है। बोर्ड की ओर से, मैं इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं। बैंक कारोबारी उत्कृष्टता को प्राप्त करने, सभी चुनौतियों से उभरने, बढ़ते अवसरों को प्राप्त करने की अधिकतम क्षमता और बैंक को अपनी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने की अपनी यात्रा जारी रखेगा।

निष्कर्ष के रूप में , मैं आपके बैंक में अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं नियामकों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और भारत सरकार को कठिन समय में उनके उदार सहयोग और पूंजी के समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं अपने माननीय बोर्ड के सहयोगियों, बैंक संचालकों और हमारे कर्मचारियों को उनके सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए आभार देता हुँ और उनकी प्रशंसा भी करता हूं। हमारे 70000 कर्मचारियों का निरंतर उत्साह आपके बैंक को कई उपलब्धियों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाएगा, जैसा कि इनका गौरवमयी इतिहास रहा है। मेरा दृढ़ता से विश्वास है कि आपके बैंक का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और आपके निरंतर सहयोग से बैंक उत्कृष्टता के मार्ग में प्रशस्त रहेगा।

धन्यवाद।

भवदीय,

हस्ता/–

(सुनील मेहता)

Apart from this, the Bank has also been able to bring about changes in risk management and compliance processes. Your Bank overhauled its Reputational Risk Management by introducing trigger events in Reputational Risk management Policy and is also updating its reputational Risk Assessment framework for more robust risk capturing.

The Bank faced an extraordinary condition during FY'18 and was able to come out with sheer grit and determination of your Bank employees. The Bank made various structural changes to regain the lost growth momentum as evident in the FY'19 results.

Way Forward

The environment in which we operate has become increasingly dynamic and less predictable because of macro-economic uncertainties, overall operating conditions and regulatory & technological changes. Global growth is expected to remain subdued. Escalation of trade disputes among the world's largest economies poses a significant risk for both short and medium-term global growth prospects.

On domestic front, policy reforms and execution will not only set the pace of GDP growth but also affect the scale and contours of private investments and FDI.

Banking landscape has undergone paradigm shift over the years in terms of new entrants, technology, consumer expectations and competition and this trend is likely to continue. The key to success would be to align strategies for business growth with fast emerging opportunities, meet customers evolving expectations, proactively anticipate new technological trends with ability to quickly imbibe new technologies, ramp up outreach and institutionalize operational efficiency.

Despite your Bank's success in navigating challenges, a lot remains to be done and it is important for the Bank to broad-base performance on multiple fronts. A robust balance sheet, strong capital base and growth in quality revenues is critical for your Bank to achieve its rightful position in the Indian banking sector. The Board and Bank's leadership are engaged in developing the Bank's strategy that ensures quality credit growth, rationalize high risk exposure and right-sizing the Bank's Balance Sheet to ensure strong capital formation for sustainable growth. Your Bank sees its vast geographical presence as an advantage to harness business opportunities in its Financial Inclusion drive. Your Bank will continue to employ cutting edge digital know-how, enhance IT capabilities to meet customer expectations across customer segments, sustain its market leadership and significantly strengthen internal systems and processes.

People development and skill enhancement will remain a focus area for the Bank. Empowering our dedicated employees will be a critical enabler of our business strategy and fundamental in delivering better results. The Bank will further strengthen its compliance culture and risk management processes. There is a special emphasis on dealing with cyber-security risks and developing awareness amongst all employees. Your Bank will ensure adoption of best-in-class technology, ensure rapid digitalization and embrace innovation. It is imperative for your Bank to change with changing times!

Amidst the back drop of fast paced changes and very severe challenges, it is gratifying that the performance of your Bank in the last financial year has moved in the right direction. On behalf of the Board, I take this opportunity to thank all employees for their outstanding efforts. The Bank will continue in its journey to drive for business excellence, overcome all challenges, maximize potential to capitalize on growing opportunities to achieve its true potential.

To conclude, I would like to thank you for your unwavering confidence in the Bank. I thank the Regulators for their continued guidance and the Government of India for their unstinted support and capital in a difficult period. I also extend my gratitude and appreciation to my esteemed Board colleagues, the Bank leadership and our employees for their support and commitment. The continued passion of our 70000 employees will enable your Bank to continue its march towards achieving many new milestones, as it has in its glorious past. I strongly believe that your Bank's future is very bright and with your continued support, the best is yet to come.

Thank you.

Your sincerely,

(SUNIL MEHTA)

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ की डेस्क से
From the Managing Director & CEO's Desk

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में बहुत प्रसन्नता हो रही है। इस वर्ष आपका बैंक राष्ट्र के लिए अपनी 125 वर्षों की सेवा पूर्ण करने का जश्न मना रहा है और मैं इस अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूं।

पंजाब नैशनल बैंक के लिए, वित्त वर्ष 2018–19 काफी महत्वपूर्ण वर्ष रहा। पिछले वर्ष की अभूतपूर्व चुनौतियों ने वसूली, पूंजी संरक्षण, सम्मिलित संरचनात्मक परिवर्तन करने, सिस्टम एवं नियंत्रणों को मजबूत बनाने और व्यवसाय की रणनीति को पुनर्जीवित करने के क्षेत्र में बैंक द्वारा असाधारण प्रयास किए गए। व्यवसाय परिचालनों एवं विकास में इन सभी का कम से कम व्यवधान सुनिश्चित किया गया था।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, बैंक ने वित्तीय वर्ष'19 के दौरान बैंक ने न केवल प्रदर्शन किया एवं किफायती लागत प्रदान की, बल्कि नए मील के पत्थर स्थापित करते हुए अपनी विकास यात्रा में वापस आया है। आपके बैंक ने 31 मार्च'19 तक रुपये 11.45 लाख करोड़ तक पहुंचने के लिए घरेलू व्यवसाय में रुपये 1 लाख करोड़ से अधिक की राशि संकलित की है। बैंक का परिचालन लाभ वर्ष–दर–वर्ष 26.2% से बढ़कर रुपये 12995 करोड़ हो गया। ये परिणाम पिछले वर्ष की शुरुआत में सामने आई एक घटना की गंभीरता तथा समय को देखते हुए सराहनीय हैं। **मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बैंक के प्रदर्शन को विभिन्न प्रतिष्ठित प्लेटफार्मों पर मान्यता दी गई है।** इन सम्मानों में सबसे उल्लेखनीय यह था कि हमारे बैंक को सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक' के रूप में घोषित किया जाना और इसे **"ईज रिफॉर्मस एक्सीलेंसी अवार्ड"** पुरस्कार से सम्मानित किया जाना। ये सभी कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों और सभी हितधारकों के उदार समर्थन के कारण प्राप्त हुए हैं।

विश्व बैंक के अनुमानो के अनुसार 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2.6% की धीमी वृद्धि दर्ज की। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश में मंदी आई और व्यापारिक तनाव बढ़ा हुआ है। इन चुनौतियों के बीच, भारत की संभावनाएं कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ उज्ज्वल बनी रहीं, जिन्होंने देश की स्थिति को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में बनाए रखा। हालांकि, नवीनतम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष'19 में जीडीपी, वित्तीय वर्ष'18 के 7.2% से घटकर 6.8% रह गई है। हालांकि वैश्विक वृद्धि के प्रभाव से निर्यात प्रभावित हो सकता है, लेकिन निजी खपत से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक खर्च तथा घरों की सुलभ आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

बैंकिंग क्षेत्र ने वर्ष 2019 में एक नई सुबह देखी। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता (IBC) फ्रेमवर्क और आरबीआई के दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान मानक के तहत संदर्भित बड़ी मात्रा के एनपीए का समाधान गेम चेंजर रहे हैं। अनर्जक आस्तियों (NPA) का गठन पूरे क्षेत्र में काफी धीमा हो गया और अनर्जक आस्तियों से वसूली कम होना शुरू हो गया। बैंकिंग सेक्टर की लाभप्रदता में सुधार हुआ और कई बैंकों को प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन से बाहर लाया गया। इसके अलावा, क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) के लिए सरकार की मेगा पुनर्पूंजीकरण योजना और उनके समेकन को एकीकरण करने की दिशा में हाल ही में कदम उठाए गए।

Dear Shareholders,

I have immense pleasure in presenting the Annual Report of your Bank for the FY 2018-19. This year your Bank is celebrating its 125 years of service to the nation and I take this opportunity to congratulate each one of you.

For Punjab National Bank, the FY 2018-19 turned out to be quite an eventful year. The unprecedented challenges of the previous year called for extraordinary efforts on the part of the Bank in the areas of recovery, capital conservation, incorporating structural changes, strengthening systems and controls and revamping the business strategy. All these were ensured with least disruption in business operations and growth.

As a result of these efforts, Bank not only delivered performance and cost efficiencies during FY 19, but is back into its journey of growth, setting new milestones. Your Bank has added more than Rs. 1 lakh crore to the Domestic Business to reach Rs. 11.45 Lakh crore as at 31st March'19. Bank's Operating Profit increased by 26.2% YOY to Rs. 12995 crore. These results are commendable given the severity and timings of the one-off incident that came to light early last year. **I am happy to inform that Bank's performance has been recognized at diverse prestigious platforms.** The most notable amongst these felicitations were your Bank being adjudged as the 'Best Performing Bank' amongst all Public Sector Banks (PSB) and conferred with **"EASE Reforms Excellency'** Award. All these have been achievable due to the dedicated efforts of all employees and the unstinted support of all stakeholders.

The global economy registered tepid growth slowing down to 2.6% in 2019 as per World Bank projections. International trade and investment moderated and trade tensions remained elevated. Amidst these challenges, the prospects of India remained bright with many international organizations retaining the country's position as one of the fastest growing economy in the world. However, as per latest estimates, GDP in FY'19 has slowed down to 6.8% from 7.2% in FY'18. Though exports might be impacted by moderation of global growth, private consumption is expected to get an impetus from public spending in rural areas and an increase in disposable incomes of households.

The Banking sector saw a new dawn in the year 2019. Resolution of a number of large-ticket NPAs referred under the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) framework and RBI's stressed assets resolution norms have been the game changers. The Non Performing Assets (NPA) formation slowed down significantly across the sectors and recoveries from NPAs has started streaming in. The profitability of the banking sector improved and many Banks were brought out of the Prompt Corrective Action. Further, the Government's mega recapitalization plan for PSBs and the recent step towards their consolidation stacks up in favour of strengthening

बेसल III विनियमन के तहत पूंजी संरक्षण बफर की अंतिम श्रृंखला के कार्यान्वयन के लिए समय सीमा बढ़ाने के आरबीआई के फैसले से बैंकिंग क्षेत्र को और राहत मिलेगी। ये सभी विकास बैंकिंग प्रणाली के लिए अच्छी शुरुआत है जो अपनी खोई हुई गति को पुनः प्राप्त करने के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा, बैंक ऋण वृद्धि में पुनर्जीवन यह दर्शाता है कि बैंकों की स्थिति में समग्र सुधार होने वाला है।

मैं वित्तीय वर्ष'19 के दौरान आपके बैंक के कुछ प्रमुख प्रदर्शन पर प्रकाश डालना चाहूँगा

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, 31 मार्च'19 तक बैंक ने 11.1% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 11.45 लाख करोड़ रुपये के आंकडे तक पहुँचने के लिए घरेलू कारोबार में 1 लाख करोड़ से अधिक की वृद्धि की है, जो बैंक पर हमारे ग्राहकों के सम्पूर्ण विश्वास को दर्शाता है। विदेशी व्यापार को पुनर्गठित करने के लिए बैंक के रणनीतिक निर्णय के परिणामस्वरूप, बैंक ने वैश्विक व्यापार में 6.2% की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि दर्ज की, जो 11.82 लाख करोड़ रुपये है। ऋण के हिस्से में, सकल घरेलू अग्रिम 14.1% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ रु. 4.91 लाख करोड़ पहुँच गया है। पूंजी संरक्षण के प्रति बैंक के दृष्टिकोण एवं कम जोखिम और श्रेष्ठ निर्धारित ग्राहकों की ओर ध्यान केंद्रित करने के साथ विकास प्राप्त किया गया था। खुदरा ऋण 21.7% से बढ़कर रु. 92,727 करोड़ हो गया। कृषि ऋण वर्ष–दर–वर्ष 17.8% से बढ़कर रु. 81500 करोड़ हो गया है।

जमा राशि पर, आपके बैंक की निधिकरण रुपरेखा रु. 6.54 लाख करोड़ तक पहुंचने में घरेलू जमाओं में वर्ष दर वर्ष 9.0% की वृद्धि के साथ मजबूत होती रही। कम लागत जमा पर निरंतर ध्यान देने से, बैंक कासा जमाओं में रु. 2.85 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है जिसमें दिनांक 31.03.2019 के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर 8.3% की वृद्धि हुई। घरेलू जमाओं में बैंक का घरेलू कासा हिस्सा 43.51% पर मजबूत बना रहा।

लाभप्रदता के दृष्टिकोण से, बैंक के परिचालन लाभ ने वित्तीय वर्ष'19 में रु. 12995 करोड़ तक पहुंचने के लिए 26% की मजबूत वर्ष दर वर्ष की वृद्धि दर्ज की। कोष परिचालन से प्राप्त लाभ को छोड़कर मूल परिचालन लाभ में 69% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई। एनपीए के लिए रु. 24,435 करोड़ के प्रावधान के कारण बैंक को वित्त वर्ष'19 में रु. 9975 करोड़ का नुकसान हुआ है। एनपीए के पुराने होते जाने और एनसीएलटी के तहत बड़े खातों के समाधान नहीं होने के कारण अतिरिक्त प्रावधान किया गया था। प्रमुख वित्तीय अनुपात के संदर्भ में, बैंक का घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन वित्तीय वर्ष'19 के दौरान 2.59% था जबकि जमा की लागत 5.24% थी।

आस्ति गुणवत्ता एवं पूंजी पर्याप्तता

बैंक के लिए आस्ति गुणवत्ता सबसे बड़ी चुनौती रही है क्योंकि एनपीए के उच्च स्तर का पूंजी और लाभप्रदता पर गहरा असर पड़ता है। बैंक परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में चालू वित्त वर्ष में महत्वपूर्ण कार्यप्रणाली–सुधार प्राप्त करने में सक्षम रहा। आपका बैंक एक अलग दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल (एसएएमवी) के गठन पर सरकारी निर्देशों को अपनाने और लागू करने वाले पहले पीएसबी में से एक था। SAMVs को स्ट्रेस्ड एसेट्स के प्रभावी निगरानी, वसूली और संकल्पों के लिए मजबूत किया गया है। स्लिपेज को नियंत्रित करने और वसूली को बढ़ाने के लिए, एनपीए की वसूली पर ध्यान केंद्रित करने और एसएमए खातों की निगरानी के लिए दो अलग–अलग वॉर रूम के साथ स्ट्रेस्ड एसेट्स टारगेटेड रेजोल्यूशन एक्ट्स (SASTRA) प्रभाग का गठन किया गया था।

केंद्रित प्रयासों के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष'18 के दौरान रु. 9666 करोड़ की वसूली के मुकाबले वित्तीय वर्ष'19 के दौरान सकल एनपीए में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हुई। संपत्ति की गुणवत्ता के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ, बैंक ने पिछली चार तिमाहियों में एनपीए को लगातार कम किया है। जीएनपीए का अनुपात मार्च'18 में 18.38% से घटकर मार्च'19 में 15.50% हो गया। एनएनपीए का अनुपात मार्च'18 में 11.24% के विरुद्ध मार्च'19 में 6.56% तक गिर गया। प्रावधान कवरेज अनुपात मार्च' 18 के 58.42% से बढ़कर मार्च'19 में 74.50% हो गया है।

चौथी तिमाही वित्तीय वर्ष'18 में किए गए हानि प्रावधानों के आलोक में पूँजी की पर्याप्तता की स्थिति जाँच परीक्षण के माध्यम से की गई है। पूंजी को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए, बैंक ने आरडब्ल्यूए के अनुकूलन, उच्च श्रेणी के उधारकर्ताओं के प्रति व्यवसाय मॉडल की पुनर्संरचना कर, संवर्धित वसूली की दिशा में प्रयास कर, स्लीपेज में कमी कर, गैर–संपत्तियों की बिक्री और परिचालन के समीकरण के माध्यम से पूंजी संरक्षण की एक बहुस्तरीय रणनीति का इस्तेमाल किया। पुनर्गठन के रूप में, बैंक ने शाखाओं को बंद/विलय कर दिया गया और अलाभकारी एटीएम को बंद

the sector. The decision of the RBI extending the timelines for implementation of the last tranche of capital conservation buffer under the Basel III regulation will provide further respite to the banking sector. These developments augur well for the banking system that is struggling to regain its lost momentum. Besides, a revival in bank credit growth suggests that an overall improvement in the health of banks is on the cards.

I would like to share with you some of key performance highlights of your Bank during the FY'19

Despite the challenging circumstances, Bank has added more than Rs 1 lakh crore to the domestic business to reach the figure of Rs 11.45 lakh crore as at 31st March'19 with a YOY growth of 11.1% , reflecting the unstinted faith of our customers in the Bank. As a result of Bank's strategic decision to rationalize the overseas business, Bank registered a YOY growth of 6.2% in Global Business to Rs 11.82 lakh crore. On the credit side, the Gross Domestic Advances grew by 14.1% YoY to reach Rs. 4.91 lakh crore. The growth was achieved in sync with the Bank's approach towards capital conservation and focus towards low risk and better rated customers. Retail credit grew by 21.7% to Rs 92,727crore. Agriculture credit has grown YOY by 17.8% to Rs 81500 crore.

On the deposits side, the funding profile of your Bank continued to strengthen with the Domestic Deposits growing by 9.0% YoY to reach Rs. 6.54 lakh crore. With continuous focus on low cost deposits, the Bank has reached the level of Rs. 2.85 lakh crore in CASA deposits which grew by 8.3% on YOY basis as on 31.03.2019. Bank's Domestic CASA share remained robust at 43.51% of domestic deposits.

- **म्यूचुअल फंड:** वित्तीय बैंक प्रिंसिपल एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ,यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, रिलायंस निप्पॉन लाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड,टाटा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड,आदित्य बिड़ला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि. और एलआईसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि.आदि के म्यूचुअल फंड उत्पादों का वितरण और विपणन कर रहा है। वर्ष'19 के दौरान, बैंक ने सहभागी रूप में रु. 3445 करोड़ की कुल राशि जुटाई।
- **डिपॉजिटरी सेवाएं:** बैंक ने वित्त वर्ष 19 में 47582 डी-मेट अकाउंट खोले और बैंक को डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के रूप में NSDL से बैंक कैटेगरी के तहत बैक को **"टॉप परफॉम इन न्यू एकांउट ओपन्ड"** पुरस्कृत किया गया।
- **मर्चेंट बैंकिंग:** वित्तीय वर्ष'19 के दौरान, बैंक ने 139 मामलो के विरूद्ध 1,76,974 से अधिक एएसबीए आवेदनों का प्रसंस्करण किया।
- **क्रेडिट कार्ड :** बैंक 31.03.2019 तक क्रेडिट कार्ड में 3.34 लाख ग्राहक आधार के साथ अग्रणी स्थान पर रहा है । क्रेडिट कार्ड के सुरक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए, बैंक पिन के साथ केवल ईएमवी चिप कार्ड ही जारी कर रहा है। जारी करने की गतिविधि एक स्वतंत्र लाभ केंद्र बन गई। क्रेडिट कार्ड जारीकरण के व्यवसाय से 31.03.2018 को लाभ रु. 25 करोड़ से बढ़कर 31.03.2019 को रु.47 करोड़ हो गया ।

  वित्तीय वर्ष '19 के दौरान, बैंक ने ग्राहक सुविधा के लिए लॉन्ग कोड पुल एसएमएस सुविधा लागू की। बैंक ने वॉक-इन ग्राहकों को कार्ड जारी करने के लिए डिजी-हट शाखाओं में इंस्टेंट इश्यू क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड कियोस्क भी पेश किए।
- **मर्चेंट अधिग्रहण कारोबार:** बैंक पॉइंट ऑफ सेल (POS), क्विक रेस्पॉन्स कोड (भीम/भारत क्यूआर कोड), भीम आधार पे और इंटरनेट पेमेंट गेटवे सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से मर्चेट प्लेटफॉर्मो कारोबार प्राप्त कर रहा है। पंजाब सरकार द्वारा PUNGRAIN के माध्यम से खाद्य अधिप्राप्ति व्यवसाय भी सफलतापूर्वक चलाया गया।

  विभिन्न प्लेटफार्मों पर पीओएस, क्यूआर एवं भीम आधार के माध्यम से कुल 47,463 मर्चेंट को ऑन-बोर्ड किया गया था।

वित्तीय वर्ष'19 के दौरान नवीन पहल

- विभिन्न प्लेटफार्मों पर फील्ड से मर्चेंट लीड के जेनरेशन के लिए लीड ट्रैकिंग सिस्टम (एलटीएस) को लागू किया गया और प्रत्यावर्तन समय (टीएटी) को कम करने वाली केंद्रीकृत रिर्पोटिंग की सुविधा प्रदान की गई।

The Bank's Gross written premium stood at Rs. 357 crore from 8.30 lakh policies for FY'19 vis-à-vis Rs.262 crore from 7.12 lakh policies for FY'18. Further, the revenue earned during FY'19 was Rs. 48 crore as against Rs. 36 crore during FY'18, showing a growth of 34%. 2,17,356 health insurance policies were sourced in FY'19 as against 2,12,612 policies sourced in FY'18.

- **Mutual Funds:** The Bank is distributing and marketing Mutual Fund products of Principal Asset Management Pvt. Ltd, UTI Asset Management Company Ltd, Reliance Nippon Life Asset Management Company Ltd, TATA Asset Management Company Ltd, Aditya Birla Sun Life Asset Management Company Ltd. and LIC Asset Management Company Ltd. During Fy'19, the Bank mobilized a sum of Rs. 3445 crore.
- **Depository Services:** The Bank **was awarded "Top Performer in New Account opened"** under Bank category from NSDL as Depository Participant. As a Depository Participant, bank opened 47582 Demat accounts in FY'19.
- **Merchant Banking:** During FY'19, Bank handled more than 1,76,974 ASBA applications against 139 issues.
- **Credit Card**: Bank is holding a leading position in the banking Industry with a customer base of 3.34 lakh in credit cards as on 31.03.2019. To enhance the security level of the credit cards, the Bank is issuing only EMV Chip cards with PIN. Issuance activity became an independent profit centre. Profit from credit card issuance business increased from Rs.25 crore as at 31.03.2018 to Rs. 47 crore as on 31.03.2019.

  During FY'19, the Bank implemented Long Code Pull SMS facility for customer convenience. The Bank also introduced Instant Issuance Credit Card & Debit Card kiosks at Digi-hut branches for instant issuance of cards to walk-in customers.
- **Merchant Acquiring Business:** The Bank is undertaking merchant acquiring business through various platforms including Point of Sale (POS), Quick Response Code (BHIM/Bharat QR Code), BHIM Aadhar Pay and Internet Payment Gateway. Punjab Govt. Food Procurement business through PUNGRAIN was also undertaken successfully.

  A total of 47,463 merchants on various platforms were on-boarded through POS, QR & BHIM Aadhaar.

New Initiatives during FY'19

- Lead Tracking System (LTS) was implemented for generation of merchant leads from fields on various platforms and facilitating centralized reporting reducing turn around time TAT.

- व्यापारियों के लिए खातों की डी-इंस्टॉलेशन और री-मैपिंग की सुविधा एलटीएस के माध्यम से दी गई।
- हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स (HNIs) के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाए रखने के लिए पर्सनल एक्जीक्यूटिव (PE) मॉडल आरंभ किया गया।
- पीई मैप्ड की प्रगति पर नज़र रखने के लिए "परफोर्मेंस मिरर" पोर्टल का एक नया संस्करण प्रभाव में लाया गया।
- "PAYPREM" के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के लिए पीएनबी मेटलाइफ इंडिया लिमिटेड के साथ आईटी एकीकरण को लाइव किया गया।

आई. सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने की दिशा में, बैंक में विभिन्न नई पहलों को लागू किया गया। बैंक विभिन्न राज्य सरकारों के साथ-ई-जीआरएएस (गर्वमेंट रिसीप्टस एकाउटिंग सिस्टम) के माध्यम से उनके लेन-देन को केप्चर करने के लिए संपर्क बढ़ा रहा है, जो करदाताओं के लिए सरकार को किए जाने वाले भुगतान जैसे बिक्री कर, सड़क कर, कर और दंड सहित शुल्क की सुविधा प्रदान करता है। यह चंडीगढ़, राजस्थान, झारखंड आदि राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में सक्षम था। बैंक ने पीएमजेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) योजना के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ सफलतापूर्वक एकीकरण किया है। आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों में से एक था जो उनके साथ एकीकृत था।

सरकारी विभागों द्वारा निर्बाध ई - खरीद के बैक की प्रणाली के साथ एकीकरण के लिए बैंक ने कर संग्रह अभियान चलाया और जीईएम (सरकारी बाजार स्थान) के साथ गठजोड़ किया। वित्तीय वर्ष'19 के दौरान, बैंक ने दिसंबर 2018 से मार्च 2019 के माह के दौरान पीपीएफ अभियान आरंभ किया और अभियान के दौरान 1.20 लाख से अधिक नए पीपीएफ खाते खोले गए।

उपरोक्त के अतिरिक्त, बैंक ने तकनीकी सहायता के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) के साथ समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और डाक सेवकों को बहुत ही आकर्षक दरों पर खुदरा ऋण उत्पादों की पेशकश की। बैंक ने पीएनबी ई-रूपया कार्ड के माध्यम से प्रयागराज कुंभ मेले 2019 का डिजिटलीकरण किया, जिसके लिए, पीएनबी को दो महीनों तक चलने वाले पूरे कार्यक्रम जिसमें लगभग 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया, के लिए डिजिटल पार्टनर का दर्जा दिया गया था।

वर्ष के दौरान सरकारी कारोबार के अंतर्गत बैंक द्वारा की गई कुछ पहलें निम्नानुसार हैं:

1. रक्षा खातों (वेतन और पेंशन) को बढ़ाने के लिए और वेटेरन की समस्याओं पर ध्यान देते हुए मौके पर ही उनका समाधान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए रणनीति तहत प्र.का. मे डिफेन्स बैंक सैल और पैन इंडिया के विभिन्न स्थानों पर अनुभवी सुविधा केंद्र बनाए गए।
2. सभी नए रक्षा पेंशन खातों के संचालन के लिए पीसीडीए (पी) इलाहाबाद के अर्न्तगत एक सीपीपीसी (सैन्ट्रल पेंशन प्रोसेसिंग केन्द्र) की स्थापना की गई। यह अतिरिक्त लागत के बिना रक्षा कारोबार को बढ़ाने का एक प्रभावी विपणन उपकरण है और यह रक्षा कारोबार को बढ़ावा देगा।

- De-installation and re-mapping of accounts for merchants were facilitated through LTS.
- Personal Executive (PE) Model was introduced to maintain long term relationship with High Networth Individuals (HNIs),
- A new version of "Performance Mirror" portal for tracking progress of PEs mapped was brought into effect.
- IT integration with PNB Metlife India Ltd. for online payment through "PAYPREM" was made live.

I. GOVERNMENT BUSINESS

In order to focus on Govt. business, various new initiatives were implemented in the Bank. The Bank has been increasing tie-ups with various State Governments for capturing their transactions through e-GRAS (Government Receipts Accounting System) which facilitates the Taxpayers to make payments due to the Government such as Sales tax, Road tax, Taxes and Duties including penalties. This was enabled in the States/UT of Chandigarh, Rajasthan, and Jharkhand etc. Bank has also successfully integrated with National Health Authority for PMJAY (Prime Minister Jan Aroyogya Yojna) Scheme. The Bank was one of the two public sector banks integrating with them.

Bank launched a tax collection campaign and tied up with GeM(Government Market Place) for integration with the Bank's systems for seamless e-procurement by Government departments. During FY'19, the Bank launched PPF campaign during the months of Dec 2018 to March 2019 and more than 1.20 lakh new PPF accounts were opened during the campaign.

Apart from the above, the Bank signed MoU with India Post Payments Bank(IPPB) for technical support and offering retail loan products at very attractive rates to Dak Sewaks. The Bank digitized the Prayagraj Kumbh Mela 2019 through PNB e-Rupaya card for which PNB was accorded the status of Digital Partner for the entire event lasting for two months where approximately 2.5 crore pilgrims visited.

Some of the initiatives taken up by the Bank under Govt. Business during the year are given as under:

1. Defence Bank Cell (DBC) at HO and Veteran Facilitation Centres created at various places Pan India as part of the strategy to garner defence accounts (salary and pension) and to facilitate Veterans by attending to their queries for on the spot resolution.
2. A CPPC (Central Pension Processing Centre) set up within PCDA (P) Allahabad for handling all new defence pension accounts. This is an effective marketing tool without incurring additional cost and will boost Defence business.

3. जीवन प्रमाणपत्र जमा करने, विवरण सहित पेंशन क्रेडिट, अतिरिक्त वृद्धावस्था पेंशन का स्वत: जारी करना और कम्प्युटेशन को बहाल करने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजने के लिए सिस्टम अनुकुलित किया गया है

4. सरल, सटीक और समय पर प्रोसेसिंग के लिए सीबीएस के माध्यम से अनुकूलित पेंशन प्रोसेसिंग को लागू किया गया।

5. रक्षा और अर्धसैनिक बल के लिए रक्षक योजना को कई बढ़ी हुई सुविधाओं के साथ रक्षक प्लस योजना के रूप में बदला गया हैं, जिसमें व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एवं एयर दुर्घटना बीमा शामिल हैं। इस योजना के बारे मे सूचना का प्रसार करने हेतु विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में प्रस्तुतियाँ दी जा रही है ताकि अधिकतम रक्षाकर्मी इसका लाभ उठा सके।

6. रक्षक प्लस खातों वाले भारतीय सेना (सेवारत और पेंशनरों) के नेपाल अधिवासित गोरखा सैनिकों को विशेष बैंकिंग सुविधाएं देने के लिए नेपाल के एवरेस्ट बैंक लिमिटेड (ईबीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

7. सेना और वायु सेना के प्रतिष्ठानों में अपने धन का निवेश करने के लिए उपलब्ध अवधिया/वित्तीय उत्पादों के संबंध में भावी रक्षा दिग्गजों को प्रस्तुतियां दी जा रही है।

8. सिस्टम इंटीग्रेशन के माध्यम से लाभार्थियों को भुगतान को प्रधान मंत्री किसान निधि योजना के तहत सुविधाजनक बनाया गया है।

9. पीपीएफ खाते, सुकन्या समृद्धि खाते के लिए सिस्टम मे ऑनलाईन प्रोसेस को अनुकुलित किया गया हैं।

10. एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम) के तहत खाते खोलने के लिए बैंक पीओपी (प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस) भी बन गया है।

जे. ट्रेजरी परिचालन

बैंक का सकल निवेश 31 मार्च'2018 के रु.2.00 लाख करोड़ की तुलना में 31 मार्च'2019 पर रु.2.01 लाख करोड़ रहा। निवेश पोटफोलियो से ब्याज आय वित्तीय वर्ष'18 के रु.13,806 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष'19 में रु.13,941 करोड़ हो गई।

बैंक ने पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान सरकारी बांड, गैर-एसएलआर बांड और इक्विटी में सक्रिय कारोबार किया। वित्तीय वर्ष'19 की पहली छमाही के दौरान बैंक की तरलता की स्थिति सकारात्मक थी। हालाँकि, वित्तीय वर्ष' 19 की दूसरी छमाही के दौरान तरलता तटस्थ से नकारात्मक रही। बैंक ने सीबीएलओ, रेपो, सीडी, आदि के माध्यम से निधियों का प्रबंध किया और बैंक ने नियामक द्वारा निर्धारित सीआरआर/एसएलआर की सभी आवश्यकताओं का अनुपालन किया। वित्तीय वर्ष'19 में कुल व्यापारिक लाभ (व्युत्पन्न सहित) रु.1093 करोड़ रहा।

निश्चित आय (एसएलआर/एनएसएलआर)

बैंक ने वित्तीय वर्ष'18 के दौरान रु.1455 करोड़ की निश्चित आय लिखतों की तुलना में वित्तीय वर्ष'19 के दौरान निवेश की बिक्री से रु.747 करोड़ का व्यापारिक लाभ अर्जित किया है।

प्रतिफल की नरमी के कारण वित्तीय वर्ष'19 सकारात्मकता से शरू हुआ जो वर्ष मे सबसे न्यूनतम रहा। तथापि, न्यूनतम समर्थन मूल्य

3. Systems have been customized for sending SMS alert for submission of Life Certificate, credit of pension with details, automatic release of additional old age pension and restoration of commutation.
4. Customized pension processing through CBS has been enabled for smooth, accurate and timely processing.
5. The Rakshak Scheme has been revamped as the Rakshak Plus Scheme with several enhanced facilities for Defence and Para Military Forces including increased Personal Accident Insurance and Air Accident Insurance. Presentations are being given at various Military Establishments to disseminate the information regarding this scheme so that maximum defence personnel can avail of it.
6. A MoU was signed with Everest Bank Limited (EBL) Nepal, to extend special banking facilities to Nepal Domiciled Gorkha soldiers of Indian Army (serving and pensioners) having Rakshak Plus accounts.
7. Presentations are being given at Army and Air Force establishments to prospective defence veterans with regard to the avenues/ financial products available to them for investing their funds.
8. Payments to the beneficiaries have been facilitated under Pradhan Mantri Kisan Nidhi Yojna through system integration.
9. System integrated for online process for Sukanya Samridhi Accounts, PPF accounts.
10. Bank has also become POP (Point of Presence) for online opening of accounts under NPS (National Pension Scheme).

J. TREASURY OPERATIONS

Gross Investment of the Bank as on 31st March 2019 stood at Rs 2.01 lakh crore increasing from Rs 2.00 lakh crore as on 31st March 2018. The Interest income from investment portfolio increased to Rs.13,941 crore as in FY'19 from Rs 13,806 crore in FY'18.

The Bank actively traded in sovereign bonds, Non-SLR bonds and equity throughout the financial year. The liquidity position of the Bank was comfortable during first H1 FY'19. However, during second half of FY'19, system liquidity remained neutral to negative. The Bank managed the funds through CBLO, Repo, CD etc. and complied with all the requirements of CRR/SLR stipulated by the Regulator. Total Trading profit (including derivative) stood at Rs1093 crore in FY'19.

Fixed Income (SLR/NSLR)

During FY'19, the Bank booked trading profit of Rs.747 crore from sale of investments in fixed income against Rs.1455 crore during FY'18.

FY'19 started on a positive note witnessed by softening of yields which touched the year's low. However, risks arising due to the impact of Minimum Support Price (MSP) and

(एमएसपी) और अन्य तथ्यों के प्रभाव के कारण उत्पन्न होने वाले जोखिमों ने मुद्रास्फीति को प्रभावित किया, साथ ही कच्चे तेल की उच्च कीमतों के साथ बॉन्ड बाजार प्रभावित हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और रुपये के उच्च स्तर को छूने से वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बाजार का रूझान प्रभावित हुआ। इसके अतिरिक्त, यूएस प्रतिफल पिछले कई वर्षों में अनदेखे स्तर पर पहुँच गई, जिससे बांड बाज़ार प्रभावित हुआ तथा घरेलू बांड पर प्रतिफलों को और अधिक कठोर कर दिया।

इक्विटी

वित्तीय वष'19 में रु. 193 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया। इकरा की हित बिक्री से उत्पन्न रु.107 करोड़ का लाभ शामिल है। वित्तीय वष'19 के लिए लाभांश आय रु.149 करोड़ रही।

विदेशी विनिमय

अप्रैल 2018 को रुपये ने रु.65 प्रति डॉलर से अपनी यात्रा शुरू की थी और उच्च अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतों के कारण अक्तूबर 2018 के महीने के दौरान यह रु.74.48 के सबसे उच्च स्तर उपलब्ध विदेशी मुद्रा संसाधनों के बेहतर उपयोग के कारण निवल विदेशी मुद्रा आय वित्तीय वर्ष'18 के रु.1790 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष'19 में रु.1881 करोड़ रही।

के. ग्राहक सेवा

बैंक ग्राहक सेवा के महत्व को पूरी तरह से महसूस करता है और ग्राहकों को त्वरित एवं कुशल सेवा प्रदान करने हेतु अत्यधिक प्राथमिकता देता है। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु, बैंक ने एक सुदृढ़ शिकायत निवारण नीति तैयार की है।

वर्ष के दौरान ग्राहक सेवा में सुधार हेतु प्रारंभ की गई पहले

- बैंक का एक ऑन-लाइन शिकायत निवारण प्रबंधन पोर्टल है जिसे **केंद्रीयकृत शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली (CGRMS)** कहा जाता है। ग्राहक सीजीआरएमएस में,बैंक की वेबसाइट, इंटरनेट बैंकिंग सेवा, मोबाइल बैंकिंग सेवा और मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने अनुरोध/शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रधान कार्यालय, सभी मंडल कार्यालयों और 1,856 एसएपी-सीआरएम से अधिक एसएपी सक्षम शाखाओं को प्राप्त शिकायतें सीजीआरएमएस में दर्ज की जाती हैं। इस प्रणाली के माध्यम से, ग्राहक को तत्काल स्वचालित पावती मिल जाती है और वह अपनी शिकायत पर भी नज़र रख सकता है।

- बैंक के पास दो अग्रणी सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 24X7X365 आधार पर अपने ग्राहकों को टेली-बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गुड़गांव तथा नोएडा में अत्याधुनिक संपर्क केंद्र हैं। इन दो प्राथमिक केन्द्रों के अतिरिक्त, बैंक ने 11 क्षेत्रीय भाषाओं में अपने ग्राहकों को टेली-बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए हैदराबाद और भोपाल में दो अन्य संपर्क केंद्र भी स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष'19 के दौरान टेली बैंकिंग के माध्यम से संपर्क केंद्र द्वारा विस्तारित सेवाओं की संख्या 6 से बढ़कर 25 हो गई, जिससे वे अधिक ग्राहक अनुकूल बने हैं।

- बैंक ने सेवा के स्थर का आकलन करने के लिए शाखाओं में औचक दौरे किए जाने हेतु प्रधान कार्यालय, मंडल कार्यालय और अंचल कार्यालयों में ग्राहक सेवा केन्द्र में अधिकारियों की टीमों का

other factors on inflation along with higher crude oil prices weighed on the bond market. Continuous rise in crude oil prices and rupee touching an all time high dampened the market sentiments in the first half of the financial year. Additionally, US yields surged to a level unseen in the past several years, which weighed on the bond market and caused yields on the domestic bonds to harden further.

Equity

The Bank booked Gross Profit of Rs193 crore in FY'19. The profit included profit of Rs107 crore arising from stake sale in ICRA. The dividend income for FY'19 stood at Rs 149 crore.

Forex

Rupee had started its journey from Rs.65 per Dollar on April 2018 and touched an all time high of Rs.74.48 during the month of October 2018 due to high international Oil prices. There was wide fluctuations due to global factors requiring RBI intervention. Net Forex income has increased from Rs.1790 crore in FY'18 to Rs.1881 crore in FY'19 on account of better utilization of foreign currency resources in hand.

K. CUSTOMER CARE

The Bank fully realizes the importance of customer service and continues to lay utmost priority to rendering prompt and efficient service to customers. In order to achieve the desired objective, the Bank has formulated a robust Grievance Redressal Policy.

Initiatives undertaken during the year for improvement in customer service:

- The Bank has an On-line Grievance Redressal Management Portal called **Centralized Grievance Redressal Management System (CGRMS)**. Customers can lodge their requests/complaints in the CGRMS through Bank's website, Internet Banking Service, Mobile Banking Service and Mobile App. Complaints are also received at Head Office, all the Circle Offices and over 1,856 SAP-CRM enabled branches. These are entered in CGRMS. Through this system, the customer gets an immediate automatic acknowledgement and can keep a track of the complaint also.

- The Bank has state-of-the-art Contact Centers at Gurgaon and NOIDA to provide tele-banking services to its customers on 24 x 7 x 365 basis through two leading Service Providers. In addition to these two Primary Sites, the Bank has also established two Secondary Contact Centers at Hyderabad and Bhopal to provide tele-banking services to its customers in 11 languages. The number of services extended by Contact Centre through Tele Banking increased from 6 to 25 during FY'19 thereby making them more customers friendly.

- The Bank has constituted teams of officials at Customer Care Centre at Head Office, Circle Offices and Zonal Offices to pay incognito visit to branches to assess standard of service. During FY'19, officials of

गठन किया है। वित्तीय वर्ष'19 के दौरान, बैंक के अधिकारियों ने पूरे भारत की 7575 शाखाओं का औचक दौरा किया। दौरा करने वाले अधिकारियों द्वारा बताई गई कमियों को संबंधित शाखाओं तथा मंडल कार्यालयों के साथ साझा किया गया ताकि उन्हें दूर करने हेतु सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

- बैंक द्वारा प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा बोर्ड की **"ग्राहक सेवा समिति बोर्ड"** की उप-समिति द्वारा तिमाही आधार पर की जाती है। उप-समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय करते हैं।
- बैंक की एक **ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति** है, जो बैंक की ग्राहक सेवाओं की समीक्षा करती है और भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड **(बीसीएसबीआई)** के कार्यान्वयन की समीक्षा करती है।
- दामोदरन समिति की सिफारिशों के अनुसार बैंक के पास **आंतरिक लोकपाल** है। यह प्रणाली बैंक द्वारा शिकायतों के निवारण में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।
- सभी शाखाओं तथा मंडल कार्यालयों में ग्राहक सेवा समितियां बनाई गई हैं जो ग्राहक सेवा की गुणवत्ता से जुड़े मामले देखती हैं तथा ग्राहक सेवा में सुधार हेतु प्रतिक्रिया/सुझावों की गंभीर रूप से जांच करती हैं। ये समितियाँ माह में एक बार मिलती हैं जहाँ कर्मचारी तथा आमंत्रित ग्राहक सेवा से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बातचीत करते हैं।
- बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए तथा उन्हें महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जागरूक करने हेतु एक पूर्व-निर्धारित तिथि तथा विषय पर सभी शाखाओं में मासिक अंतराल पर विषय आधारित थीम बेसड बैठकें आयोजित की जाती हैं।

सभी 64,401 शिकायतों (अर्थात दिनांक 01.04.2018 को लंबित 1862 शिकायतें और वित्तीय वर्ष'19 के दौरान प्राप्त 62,539) शिकायतें में से दिनांक 31 मार्च 2019 तक 63,435 शिकायतों का शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के अनुसार निवारण कर दिया गया है।

एल. राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

आपके बैंक ने भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष'19 के लिए निर्धारित अधिकांश मानदंडों को हासिल किया। बैंक प्रत्येक स्तर पर हिन्दी पत्राचार आदि के लिए 'यूनिकोड' नामक हिन्दी फॉंट का प्रयोग कर रहा है।

वित्तीय वर्ष'19 के दौरान बैंक को हिंदी के प्रयोग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें भारत सरकार की सर्वोच्च पुरस्कार योजना **'राजभाषा कीर्ति शील्ड'** में प्रथम पुरस्कार शामिल है। बैंक को वित्तीय वर्ष'19 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में भारत सरकार, गृह मंत्रालय और राजभाषा विभाग से 12 पुरस्कार प्राप्त हुए जोकि बैंकिंग के इतिहास में एक प्रकार का रिकॉर्ड है।

इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों में स्थित नगर राजभाषा कार्यावयन समितियों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा भी क्षेत्र क में 106 पुरस्कार, क्षेत्र 'ख' में 24 पुरस्कार एवं क्षेत्र 'ग' में 13 पुरस्कार हमारे बैंक को

the Bank made 7575 incognito visits to branches pan India and deficiencies pointed out were taken up for taking corrective steps to improve customer service.

- The status of complaints received by the Bank is reviewed by **"Customer Service Committee of the Board"** a Sub-Committee of the Board, on quarterly basis. The meetings of the Sub-Committee are presided over by the Managing Director and CEO.
- The Bank has a **"Standing Committee on Customer Service"**, which also reviews customer service of the bank as well as implementation of the Code of Bank's Commitments to Customers of Banking Codes and Standards Board of India **(BCSBI)**.
- The Bank has in place an **Internal Ombudsman** as per the recommendations of the Damodaran Committee. The system ensures greater transparency in the redressal of grievances by the Bank.
- Customer Service Committees in all the branches and Circle Offices look into the quality of customer service rendered and critically examine the feedback/ suggestions for improvement in customer service. These committees meet once in a month where staff and the invited customers interact freely on service related issues.
- Theme Based Meetings are conducted at monthly intervals in all branches on a pre-decided date and theme to improve awareness among field staff about bank's products and services and to sensitize them about the issues of maximum importance.

Out of a total number of 64,401 complaints (i.e.1862 complaints outstanding as on 01.04.2018 and 62,539 complaints received during FY'19), 63,435 complaints were resolved up to the satisfaction of the complainant, till 31st March, 2019.

L. IMPLEMENTATION OF OFFICIAL LANGUAGE

Your Bank accomplished various parameters fixed by the Govt. of India, Ministry of Home Affairs, Deptt. of Official Language for FY'19. The Bank is using 'Unicode' fonts for Hindi correspondence etc. at all levels.

During FY'19, the Bank was awarded several prizes for its excellent performance in the use of Hindi which included the prestigious First prize namely **'Rajbhasha Kirti Shield'** the top most prize scheme of Government of India. The Bank was awarded 12 prizes in the field of Rajbhasha during FY'19 from Government of India, Ministry of Home Affairs and Rajbhasha Vibhag, which is a record of sorts.

In addition to this, Town Official Language Implementation Committees situated in different locations of the country and other Non-Government Organizations also awarded 106 prizes in region 'A', 24 prizes in region 'B' and total 13 prizes in region 'C' to our bank. Our staff members have

प्राप्त हुए है। हमारे स्टाफ सदस्यों ने भी व्यक्तिगत स्तर पर 120 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वित्तीय वर्ष 19 के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति द्वारा हमारी शाखा कार्यालय श्रीनगर(गढवाल), मंडल कार्यालय सूरत और मंडल कार्यालय इन्दौर का दौरा किया गया। संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति द्वारा अंचल कार्यालय-दिल्ली, मंडल कार्यालय-मुम्बई और शाखा कार्यालय-पलवल का राजभाषा निरीक्षण किया गया।

वित्तीय वर्ष 19 के दौरान बैंक द्वारा सितम्बर 2018 में हिन्दी माह मनाया गया और 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस का आयोजन भी किया गया। इस माह में विभिन्न कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एवं पुरस्कार दिए गए।

एम. पीएनबी की अनुषंगियां और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

<u>घरेलू</u>

i) **पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड:** ऋण बाजार ने मुद्रास्फीति की चिंताओं, ऊंचे क्रूड मूल्यों और निवेशकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की मांग की कमी के कारण मंदी पर वर्ष की शुरुआत हुई। इसके बाद आरबीआई द्वारा रेपो दर में बढोतरी के कारण इसे और बल मिला।

बढी हुई अस्थिरता के बावजूद, कंपनी वित्त वर्ष 19 में रुपये 83 करोड़ के कर से पहले का लाभ प्राप्त करने में कामयाब रही। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने प्राथमिक और द्वितीयक बाजार दोनों में एक प्राथमिक डीलर के रूप में अपने सभी दायित्वों को पूरा किया। ट्रेजरी बिल प्रतिबद्धता के संबंध में, कंपनी ने 40% की निर्धारित सफलता के अनुपात को पार कर लिया, क्रमशः एच 1 और एच 2 में 41.16% और 40.40% प्राप्त किया। जी-सेक श्रेणी में, कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया, जिससे सरकारी उधार कार्यक्रम का समर्थन किया गया। 31 मार्च, 2019 तक कंपनी का कुल कारोबार अनुपात (द्वितीयक बाजार) ट्रेजरी बिलों के लिए 179 गुना और सरकार द्वारा दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए 303 गुना है जो आरबीआई की न्यूनतम सीमा के मुकाबले क्रमशः न्यूनतम 10 गुना और 5 गुना है।

ii) **पंजाब नैशनल बैंक इनवेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड**

कंपनी अपने परिचालन के पहले वर्ष से लाभ कमाने वाली कंपनी है। मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के दौरान, कंपनी ने 8.70 करोड रूपये की कुल आय में से शुल्क आधारित आय 5.80 करोड रुपये की आय अर्जित की जो मार्च 2018 वर्ष की समाप्ति के कुल आय 9.20 करोड रूपये के साथ 6.00 करोड रूपये शुल्क आधारित आय के मुकाबले है।, मार्च 2018 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए कर से पहले लाभ 3.90 करोड़ रूपये के मुकाबले मार्च 2019 को समाप्त होने की अवधि के दौरान 2.41 करोड रहा।

स्ट्रेस्ड एसेट्स पर आरबीआई के दिशानिर्देशों को वापस लेने के पश्चात् 12 फरवरी 2018 से पूरे वित्त वर्ष 2019 के लिए ऋण पुनर्गठन कार्य में महत्वपूर्ण गिरावट आई जिससे कुल राजस्व प्रभावित हुआ। कंपनी ने विचाराधीन अवधि में ऋण समूहन व्यवसाय को विकसित करने और मजबूत करने की पहल की। वित्तीय वर्ष 19 के दौरान, पीएनबीआईएसएल, पीएनबी की ओर से चार गैर-मुख्य

also received 120 prizes on individual basis. During the FY'19, the third sub-committee of Parliament on Official Language visited our Branch Office- Srinagar (Garhwal), Circle Office-Surat, and Circle Office-Indore. Drafting and Evidence Sub-Committee of the Committee of Parliament on Official Language inspected the Zonal Office-Delhi, Circle office-Mumbai and Branch Office-Palwal.

During the FY'19 also, the Bank celebrated **'Hindi Month'** during Sept. 2018 and also organized **'Hindi Diwas'** on 14th Sept. 2018. Several programmes/competitions were organized and awards & prizes were given during the month.

M. PNB SUBSIDIARIES AND REGIONAL RURAL BANKS

<u>DOMESTIC</u>

i) **PNB Gilts Limited:** Debt market started the year on a bearish note on the back of inflation concerns, elevated crude prices and absence of demand for government securities by investors. This was further accentuated by repo rate changes by RBI.

Despite the heightened volatility, Company managed to post a Profit before Tax of Rs. 83 crore in FY'19. Additionally, Company fulfilled all its obligations as a Primary Dealer in both primary and secondary market. With regard to Treasury Bills commitment, the Company exceeded the stipulated success ratio of 40%, achieving 41.16% and 40.40% in H1 and H2 respectively. In G-sec category, Company fulfilled the underwriting commitments, thereby supporting the government borrowing program. The Company's total turnover ratio (secondary market) stands at 179 times for treasury bills and 303 times for government-dated securities as on March 31, 2019 against the minimum RBI stipulation of 10 times and 5 times respectively.

ii) **PNB Investment Services Limited:** The Company is a profit making company from the first year of its operations. During the year ended March 2019, the Company earned fee based income of Rs. 5.80 crore with a total income of Rs.8.70 crore as against a fee of Rs. 6.00 crore and total income of Rs. 9.20 crore respectively for the year ending March 2018. Profit before Tax, during the period ending March 2019 was Rs. 2.41 crore as against Rs. 3.90 crore for the period ending March 2018.

Post withdrawal of RBI Guidelines on Stressed Assets w.e.f., 12th February 2018, there was a significant decline in debt restructuring assignments for the entire FY'19 thereby impacting the overall revenue. The Company took initiative to develop and strengthen the debt syndication business in the period under consideration. During FY'19, PNBISL was involved in successfully executing four non core

परिसंपत्ति विनिवेश जनादेशों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने में शामिल थी। वित्तीय वर्ष 19 में कंपनी के ट्रस्टीशिप व्यवसाय ने ग्राहकों की संख्या में स्थिर वृद्धि दर्ज की है।

अंतर्राष्ट्रीय

iii) **पीएनबी इंटरनेशनल लिमिटेड (पीएनबीआईएल):** प्रेषण कारोबार से प्राप्त गैर-उधार राजस्व पर कम्यूनिटी को नए उत्पाद व सेवाएं उपलब्ध करने के अतिरिक्त पीएनबीआईएल ने सिंडिकेट ऋण और वित्तीय संस्थान के माध्यम से व्यवसाय की अलग अलग लैडिग बुक बनाने पर जोर दे रहा है। यह यूके में ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग और ऑनलाइन प्रेषण सुविधा प्रदान करने के लिए अपने प्रौद्योगिकी मंच को भी मजबूत कर रहा है। विरासत पोर्टफोलियो को कम करने और विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन की जगह पर पीएनबीआईएल ने बैंक में शासन प्रथाओं को भी मजबूत किया है।

पीएनबीआईएल के पास $723 मि. की ग्राहक जमाराशि और $917 मि. का अग्रिम है। वित्तीय वर्ष 2019 का परिचालन लाभ, कर और लाभांश के प्रावधान के पहले $16.43 मिलियन था, जो वित्तीय वर्ष 18 के $1.93 मिलियन से अधिक है। वित्तीय वर्ष '19 की कुल आय $47.02 मिलियन थी और शुद्ध ब्याज आय $33.53 मिलियन थी। वित्त वर्ष 19 के लिए नेट ट्रेडिंग आय $1.3 मिलियन थी। वित्त वर्ष 19 के लिए शुद्ध लाभ (कर से पहले) $7.37 मिलियन वर्ष 2018 के $5.89 मिलियन डॉलर के मुकाबले रही ।

ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले ब्रेक्सिट के साथ, व्यवसाय और निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप सामान्य रूप से ऋण की मांग प्रभावित हुई है।

iv) **ड्रुक पीएनबी बैंक लिमिटेड:** 31.3.2019 को बैंक का कुल कारोबार रु.1726 करोड़ से बढ़कर रू.2141 करोड़, 24.04% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाता है। अनुषंगी के नेटवर्क में 7 शाखाएं और 22 एटीएम शामिल हैं। लाभप्रदता के मोर्चे पर, अनुषंगी ने अच्छी कमाई दिखाई, और बैंक का लाभ वित्त वर्ष 18 के दौरान रु 19 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 19 के दौरान 28 करोड़, 45% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 19 के दौरान, बैंक ने राइट्स इश्यू के जरिए अपनी पेड कैपिटल को 45 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 70 करोड़ रुपये कर दिया। बैंक ने फिनेकल 10 में भी प्रविष्ट किया और कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) के साथ अपने स्विफ्ट संचालन को एकीकृत किया।

v) **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)**

वर्तमान में, बैंक द्वारा **पांच आरआरबी** प्रायोजित हैं जो पांच राज्यों, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं, जिसमें 93 जिले के साथ 2937 शाखाओं के नेटवर्क शामिल हैं।

31.03.2019 को पीएनबी प्रायोजित आरआरबी का कुल कारोबार 91293 करोड़ रुपये रहा। 31.03.2019 को आरआरबी की कुल जमा राशि 56546 करोड़ रुपये और अग्रिम 34747 करोड़ रुपये थी। सभी पीएनबी प्रायोजित आरआरबी लाभ में बने रहे और मार्च'19 को समाप्त होने वाली संयुक्त अवधि के दौरान सभी आरआरबी का

asset disinvestment mandates on behalf of PNB. The trusteeship business of the company recorded steady growth in number of clients in FY'19.

INTERNATIONAL

iii) **PNB International Limited (PNBIL):** PNBIL is focusing on diversifying the loan book through syndicated loan and financial institution business apart from providing new products and services to the community with emphasis on non-lending revenue from remittance business. It is also strengthening its technology platform to offer Mobile Banking and online remittance facilities to the customers in UK. Having reduced the legacy portfolio and having prudent risk management in place, PNBIL has also strengthened the governance practices in the Bank.

PNBIL is having customer deposit of $723mn and advances of $917mn. The Operating Profit before provision, tax and dividends for FY'19 stood at $16.43 mn, which is higher from $11.93 mn in FY'18. Total income for FY'19 stood at $47.02 mn and Net interest Income was at $33.53 mn.Net trading income stood at $1.3 mn for FY'19. Net profit (before tax) for FY'19 was $7.37mn against $5.89 mn of FY'18.

With Brexit impacting the UK economy, businesses and investors are adopting a cautious approach resulting in subdued demand in general, thereby impacting overall credit demand.

iv) **Druk PNB Bank Limited:** Total business of the Bank as on 31.3.2019 increased to Rs. 2141 crore from Rs.1726 crore as on 31.3.2018, showing a YOY growth of 24.04%. The network of the subsidiary comprises of 7 branches and 22 ATMs. On the profitability front, the subsidiary showed good earnings, and the profit of the Bank has increased from Rs.19 crore during FY'18 to Rs. 28 crore during FY'19, registering a growth of 45% on YoY basis. During FY'19, the Bank successfully increased its paid up capital from Rs.45 crore to Rs.70 crore through rights issue. The Bank also migrated to Finacle10x and integrated its Swift operations with Core Banking Solution (CBS).

v) **REGIONAL RURAL BANKS (RRBs)**

At present, **five RRBs** are sponsored by the Bank which are operating in five States, namely, Bihar, Haryana, Himachal Pradesh, Punjab and Uttar Pradesh covering 93 **districts** with a network of 2937 **branches**.

Total Business of PNB sponsored RRBs as on 31.03.2019 stood at Rs.91293 crore. Total Deposits of RRBs were Rs.56546 crore and advances were Rs. 34747 crore as on 31.03.2019. All PNB Sponsored RRBs remained in Profit and combined Net Profit

शुद्ध लाभ संयुक्त रूप से 185.96 करोड़ रुपये रहा। आरआरबी ने 31.03.19 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत कुल 58,81,415 खाते खोले हैं। 37,18,902 खाताधारकों को रुपे एटीएम कार्ड जारी किए गए।

आरआरबी का 31.03.2019 पर वित्तीय प्रदर्शन (गैर-लेखापरीक्षित)

(राशि करोड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रदर्शन	31 मार्च' 18 (लेखापरीक्षित)	31 मार्च'19 (गैर -लेखापरीक्षित)	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि%
1	समग्र जमाराशियां	51843	56546	9.07
2	समग्र अग्रिम	31250	34746	11.19
3	समग्र शुद्ध लाभ	246	186	-24.32
4	सीबीएस के अंतर्गत शाखाएं	100%	100%	
5	प्रति कर्मचारी लाभ (रु.लाख)	2.08	1.52	-26.90
6	हानि में चलने वाली शाखाओं की संख्या (12 माह या इससे अधिक पुरानी)	160	72	

एन. पुरस्कार और सम्मान

एक चुनौतीपूर्ण वर्ष होने के बावजूद, बैंक न्यूनतम संभव समय में अच्छा प्रदर्शन करने और बदलाव लाने में सक्षम रहा है। बैंक ने आने वाले समय में प्रतिस्पर्धी और लाभप्रद बने रहने के लिए अपने बिजनेस मॉडल का पुनर्गठन भी जारी रखा। बैंक के इन सभी प्रयासों को विभिन्न प्लेटफार्मों पर मान्यता दी गई और बैंक को विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हुए।

वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों का एक एजेंडा **ईज़ (Enhanced Access & Service Excellence)** के तहत सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच पीएनबी को समग्र रूप से **"सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बैंक"** घोषित किया गया। इसके अलावा, बैंक के अंतर्गत छः महत्वपूर्ण थीम में से चार यानी ग्राहक प्रतिक्रिया (विजेता), उत्तरदायी बैंकिंग (विजेता), क्रेडिट आर्फ-टेक (विजेता) और वित्तीय समावेशन और डिजिटलाइजेशन में वृद्धि (रनर अप) में बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप के स्वतंत्र मूल्यांकन के आधार पर बैंक की पहचान स्थापित हुई।

उपरोक्त के अलावा, बैंक को बिजनेस टुडे और केपीएमजी द्वारा **वित्तीय समावेशन में सर्वश्रेष्ठ के** रूप में मान्यता दी गई है। इसके अलावा, यूआईडीएआई, भारत सरकार ने **"आधार सृजन और अद्यतन"** के संदर्भ में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में मान्यता देकर **"आधार एक्सीलेंस अवार्ड"** से पुरस्कृत कर हमारे प्रयासों को स्वीकार किया है। बैंक को **"मोस्ट कस्टमर सेंट्रिक इनिशिएटिव्स युजिंग टेक्नोलॉजी (रनर अप)"** के लिए **"आईबीए बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड 2019"** से भी सम्मानित किया गया है। प्रयासों की सराहना करते हुए, एनएसडीएलएन, दिल्ली ने बैंक को खाता वृद्धि दर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता (टॉप डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट) और नए खुले खातों में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता (बैंक श्रेणी) घोषित किया। टॉप रैंक प्रबंधन क्लब ने एंटरप्रेन्योरियल पाथ ब्रेकरी के लिए टॉप रैंकर्स उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया। अभी हाल ही में, बैंक को 'बेस्ट बैंक

of RRBs during the period ended Mar'19 stood at Rs.185.96 crore. RRBs have cumulatively opened 58,81,415 accounts under Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) as on 31.03.19. RuPay ATM cards were issued to 37,18,902 account holders.

Financial Performance of RRBs as on 31.03.2019 (Un-audited)

(Amt. in Rs. Crore)

Sl.	Performance of RRBs	31st Mar'18 (Audited)	31st Mar'19 (Un-Audited)	YoY Growth %
1	Aggregate Deposits	51843	56546	9.07
2	Aggregate Advances	31250	34746	11.19
3	Aggregate Net Profit	246	186	-24.32
4	Branches under CBS	100%	100%	
5	Profit Per Employee (Rs lakh)	2.08	1.52	-26.90
6	No. of Loss Making Branches (being 12 month old or more)	160	72	

N. AWARDS AND ACCOLADES

Despite being a challenging year, your Bank has been able to perform well and engineer turnaround in the shortest possible time. The Bank also continued to restructure its business model to remain competitive and profitable in the times to come. All these efforts of the Bank were recognized at various platforms and also brought the Bank many laurels.

PNB was adjudged overall **"Best Performing Bank"** among all Public Sector Banks **under EASE (Enhanced Access & Service Excellence),** an agenda of reforms launched by DFS, Govt. of India. In addition, the Bank received recognition in four out of the six key themes envisioned under EASE i.e., Customer Responsiveness (Winner), Responsible Banking (Winner), Credit Off-take (Winner) and Deepening Financial Inclusion & Digitalization (Runner Up) based on an independent assessment by Boston Consultancy Group.

In addition to the above, the Bank has been recognized as **"Best in Financial Inclusion"** by Business Today and KPMG. Further, the UIDAI, Govt. of India has also acknowledged our efforts by awarding **"Aadhar Excellence Award"** as the 2nd Best Performing Public Sector Bank in terms of **Aadhar Generation and Update**. The Bank has also been bestowed with the **"IBA Banking Technology Award 2019"** for **"Most Customer Centric Initiatives Using Technology** (Runner Up) among large Banks". In appreciation of efforts, NSDL, Delhi adjudged the Bank as "Best Performer in Account Growth Rate (Top Depository Participant)"and "Top Performer in New Accounts opened (Bank Category)". Top Rankers Management Club conferred "Top Rankers Excellence Award for Entrepreneurial Path Breaker" to the Bank.

फॉर कारपोरेट सोशियल रेस्पोंसिबिलिटी के रूप में पहचान की गई और एशियामनी बैंकिंग अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

ग्राहकों की संतुष्टि रेटिंग के मामले में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बैंकों 2019 का आकलन करने के लिए फोर्ब्स के सर्वेक्षण में, पंजाब नैशनल बैंक को भारत में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में दूसरे और 30 बैंकों (निजी और विदेशी बैंकों सहित) में 7वें स्थान पर रखा गया। मार्केट अनुसंधान फर्म स्टेटिस्टा के साथ साझेदारी में दुनिया भर के 23 देशों में 40,000 से अधिक ग्राहकों का सर्वेक्षण किया गया था। ग्राहकों की समग्र सिफारिश और संतुष्टि, साथ ही साथ 5 मुख्य विशेषताओं या 1 के 'उप-आयाम' अर्थात 1) विश्वास 2) नियम और शर्तें 3) ग्राहक सेवा 4) डिजिटल सेवा और 5) वित्तीय सलाह, के आधार पर बैंकों को रेट करने के लिए कहा गया था।

ओ. बैंक की भावी कारोबार योजना

वित्तीय वर्ष 19 में बैंक का टर्नअराउंड, लचीलापन और आत्म-विश्वास, प्रतिबद्धता और प्रेरणा की हमारी विरासत का प्रमाण है। आगे की ओर बढ़ते हुए, यह हमें विश्वास दिलाता है कि बैंक प्रदर्शन की गति को और अधिक बढ़ाएगा। बैंक सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में सुधार, एक मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म का निर्माण, लागत में कटौती और इसके आयामों का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा। हम अवसर प्राप्त करने, बैलेंस शीट को मजबूत करने, राजस्व पूल बढ़ाने, ग्राहक यात्रा के साथ आगे बढ़ने के लिए नए अभिनव उत्पादों को लॉन्च करके और अधिक डेटा-संचालित होने के अपने डिजिटल एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे। ये पहल हमें बैंकिंग की पुनः कल्पना करने, व्यापार में उच्च वृद्धि दर्ज करने, दक्षता और लाभप्रदता प्राप्त करने की हमारी आकांक्षा को आगे बढाने में सक्षम बनाएगी।

बैंक ने हमेशा कर्मचारियों को सबसे मूल्यवान संपत्ति माना है। मानव पूंजी को विकसित करने के लिए प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों में विविधता और समावेश, उत्तराधिकार योजना, महत्वपूर्ण पदों के लिए एक प्रतिभा पूल विकसित करना, नेतृत्व विकास के अलावा निरंतर भर्ती और प्रशिक्षण कर्मचारियों को कौशल सेट में वृद्धि करना शामिल है। हम अपनी टीम में विविधता को महत्व देते हैं और दृढ़ता से विपरित सलाह देने में विश्वास करते हैं क्योंकि युवा कर्मचारी विविध अध्ययन और प्रवीणता के साथ आते हैं और उनकी उपस्थिति गति, नए दृष्टिकोण और अपने परिवर्तन एवं चुनौतियों को संबोधित करने के लिए नए विचारों को जोडती है।

हम, मिशन परिवर्तन के माध्यम से बैंक को बदलने में महत्वपूर्ण प्रगति करना जारी रखेंगे। बैंक के पास एक प्लेटफ़ॉर्म है, लीड PARIVARTAN जो कर्मचारियों को प्रदर्शन में सुधार के लिए विचारों को प्रोत्साहित करता है। बैंक यह सुनिश्चित करता है कि व्यावहारिक विचारों का त्वरित रूप से कार्रवाई और निष्पादन में रूपांतरित किया जा रहा है। कई नए विचारों को लागू किया गया है और आगे बढ़ते हुए हम इस अभियान को जारी रखना चाहते हैं।

हमारे पास सबसे बडी संख्या में शाखा नेटवर्क होने की शक्ति है, 11 लाख से अधिक संतुष्ट ग्राहक के आधार पर, 70000 समर्पित कर्मचारियों ने राष्ट्र और ग्राहकों के लिए हमारे दशकों की सेवा की सफलता की कहानी को आगे बढाने के लिए दृढ़ संकल्प किया है। विकास के अगले चरण में हमारी परिकल्पना डिजिटल युग में सरल,

Recently, Bank was also recognized as "Best Bank For Corporate Social Responsibility" and bestowed with Asiamoney Banking Awards 2019.

In the Forbes survey for assessing "The World's Best Banks 2019" in terms of customer satisfaction ratings, PNB was ranked 2nd among all Public Sector Banks & 7th among 30 Banks (including Private and Foreign Banks) in India. The survey was carried in partnership with market research firm Statista by surveying more than 40,000 customers across 23 countries around the globe. Customers were asked to rate banks on overall recommendation and satisfaction, as well as 5 key attributes or 'sub-dimensions' of 1) trust, 2) terms and conditions 3) customer service 4) digital service and 5) financial advice.

O. FUTURE BUSINESS PLAN OF THE BANK

Bank's performance in FY'19 despite the challenges is a testimony to our continued resilience. Going ahead, this gives us the confidence that Bank will carry forward the performance momentum. Bank will continue its focus on best customer service, improvement in quality of assets, building a strong IT platform, rationalizing costs and expanding its dimensions. We will realign our business model to capture opportunities, strengthen balance sheet, increase revenue pool, further our digital agenda by launching new innovative products to press ahead with customer journeys and become more data-driven. These initiatives will enable us to forge ahead in our quest to re-imagine banking, register higher business growth and achieve efficiency and profitability.

The Bank has always perceived employees as its most valuable assets. In order to develop human capital, key focus areas include succession planning, developing a talent pool for critical positions, leadership development besides continuously recruiting and training staff to augment skill set. We value the diversity in our team and strongly believe in reverse mentoring as younger employees come with diverse learnings & skills and their presence adds pace, fresh perspectives and new ideas to address changes and challenges.

We shall continue to make important progress in transforming the bank through the transformation exercise, Mission Parivartan. Bank has a portal, Lead the PARIVARTAN that encourages employees to pitch in ideas for improving performance. Bank ensures that the workable ideas are translated into action and execution. Several new ideas have been implemented and going forward we intend to continue with the drive.

We have the strength of numbers with the largest branch network, a loyal customer base of over 11 lakh, 70000 dedicated employees determined to carry forward the success story of our decades of service to the nation and customers. Our vision in the next phase of growth is

तेज और प्रासंगिक बैंकिंग देने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया और नवाचार के माध्यम से संख्या को अधिक से अधिक शक्तिशाली बनाने की है। जैसा कि हम सेवा के 125 वें वर्ष में कदम रख रहे हैं, हम अपने मूल मूल्यों और प्रमुख सिद्धांतों पर खड़े रहकर पीएनबी की विरासत को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर हमारा बैंक स्थापित किया गया हैं, ताकि हम अपनी भूमिका को और लोगों व् राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाते रहें।

पी. निदेशक मंडल

31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में 3 पूर्णकालिक निदेशकों सहित कुल 9 निदेशक थे अर्थात एक प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सहित दो कार्यपालक निदेशक शामिल थे। वित्तीय वर्ष'19 के दौरान, निदेशक मंडल की संरचना में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

- शेयरधारक श्रेणी के अंतर्गत सुश्री हीरु मीरचन्दानी, निदेशक ने 01.05.2018 को अपना कार्यकाल पूर्ण किया।
- डॉ आशा भंडारकर के तीन वर्ष की अवधि के लिए जो 12.09.2018 से प्रभावी है बैंक के मंडल में शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया।
- श्री सुधीर नायर, निदेशक को 18.12.2018 को शेयरधारक श्रेणी के रुप में अपना कार्यकाल पूर्ण किया ।
- श्री के.वी. ब्रह्माजी राव को डीएफएस की अधिसूचना F. No. 16/13/2018-BO.I dated 18.01.2019 के तहत पीएनबी के कार्यपालक निदेशक की अवधि 18.01.2019 से समाप्त।
- श्री संजीव शरण को डीएफएस की अधिसूचना F. No. 16/13/2018-BO.I dated 18.01.2019 के तहत पीएनबी के कार्यपालक निदेशक की अवधि 18.01.2019 से समाप्त।
- श्री अज्ञेय कुमार आजाद बैंक के बोर्ड में 22.01.2019 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गये है।
- बोर्ड सुश्री हीरु मीरचन्दानी और श्री सुधीर नायर द्वारा किए गए बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना करता है।

क्यू. निदेशकों का उत्तरदायित्व वक्तव्य

निदेशकगण पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च'19 को समाप्त हुए वर्ष हेतु वार्षिक लेखों को बनाने में:

- महत्वपूर्ण विचलन, यदि कोई हैं, के संबंध में उचित स्पष्टीकरण देते हुए लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार बनाई गई लेखांकन नीतियों का अनुपालन किया गया है।
- यथोचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय व आंकलन किए गए हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक की स्थिति और 31 मार्च'19 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बैंक के लाभ को सही व स्पष्ट रूप से दर्शाया जा सके।
- भारत में बैंकों पर लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार यथोचित लेखा अभिलेखों को समुचित व पर्याप्त सावधानी के साथ बनाया गया है तथा:
- कार्यशील संस्था के सिद्धांत के आधार पर इन लेखों को तैयार किया गया है।

to make this strength of numbers count more and more through quick response and innovation to deliver simple, fast and contextual banking in the digital age. As we step into 125th year of service, we remain committed to strengthening the legacy of PNB by staying true to our core values and key tenets upon which our Bank is founded, enhancing our role and commitment towards People and Nation building.

P. BOARD OF DIRECTORS

Board of the Bank compromises of 9 Directors including 3 whole time Directors i.e. One Managing Director & CEO and two Executive Directors as on 31.03.2019. During FY'19, the following changes took place in the composition of Board of Directors:

- Ms. Hiroo Mirchandani, Director under Shareholder category completed her tenure on 01.05.2018.
- Dr. Asha Bhandarker has been elected as Shareholder Director on the Board of the Bank for a period of three years w.e.f., 12.09.2018.
- Shri Sudhir Nayar, Director under Shareholder category completed his tenure on 18.12.2018.
- As per DFS notification F. No. 16/13/2018-BO.I dated 18.01.2019, Shri K. V. Brahmaji Rao cease to be the Executive Director of PNB w.e.f. 18.01.2019.
- As per DFS notification F. No. 16/13/2018-BO.I dated 18.01.2019, Shri Sanjiv Sharan cease to be the Executive Director of PNB w.e.f. 18.01.2019
- Shri Agyey Kumar Azad was appointed as Executive Director on Board of the Bank w.e.f., 22.01.2019.

  The Board wishes to place on record its appreciation for the valuable contribution made by Ms. Hiroo Mirchandani and Shri Sudhir Nayar.

Q. DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT

The Directors confirm that in the preparation of the annual accounts for the year ended 31st March'19:

- The applicable Accounting Standards have been followed along with proper explanation relating to material departures, if any;
- The accounting policies, framed in accordance with the guidelines of the Reserve Bank of India, were consistently applied;
- Reasonable and prudent judgment and estimates were made so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit of the Bank for the year ended 31st March'19;
- Proper and sufficient care was taken for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws governing banks in India, and;
- The accounts have been prepared based on the principle of "going concern".

आर. आभार

